रांची, शनिवार,23 अगस्त 2025

संवत 2082, भाद्रपद कृष्ण पक्ष 14 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 350 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



4 ▶▶ भारत ने बदल दिया वैश्विक शक्ति समीकरण

'कंचना 4 में नोरा फतेही की एंट्री 6

# अजरबैजान से रांची लाया गया अपराधी मयंक सिंह

- पुलिस मानती है लॉरेंस और अमन साहू के बीच की कड़ी, रिमांड पर लेकर होगी पूछताछ
- मयंक सिंह झारखंड का पहला ऐसा गैंगस्टर है जिसे विदेश से प्रत्यार्पण कर लाया गया है

**संवाददाता**



रांचीः लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू का करीबी गैंगस्टर मयंक सिंह को अजबैजान से प्रत्यर्पण के बाद भारत लाया गया। एटीएस एसपी ऋषभ झा के नेतृत्व में एंटी टेरस्टि स्कॉड की टीम सुनील मीणा उर्फ मयंक सिंह को लेकर रांची पहुंची। रांची एयरपोर्ट से मयंक सिंह को बख्तरबंद गाड़ी में लेकर एटीएस की टीम रामगढ़ लेकर रवाना हो गई।

मयंक सिंह झारखंड का पहला ऐसा गैंगस्टर है जिसे विदेश से प्रत्यार्पण कर लाया गया है। उसका अपराधिक इतिहास बहुत लंबा है। एटीएस की टीम उससे लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू गैंग के कनेक्शन के बारे में पूछताछ करेगी और कई राज खोलने की कोशिश करेगी। मयंक सिंह पर हत्या, रंगदारी, धमकी, फायरिंग और आपराधिक षड्यंत्र के 45 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से फरार था और भारत से बाहर छिपकर अपने नेटवर्क को सक्रिय कर रहा था। सूत्रों के मुताबिक, मयंक सिंह राज्य के कई बड़े व्यापारियों और ठेकेदारों से वसूली करता था और उसके इशारे पर फायरिंग, हत्या की घटनाएं कराई जाती थीं।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि मयंक सिंह का सीधा कनेक्शन लॉरेंस बिश्नोई गैंग और झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू से है. यही कारण है कि उसे पुलिस के लिए बड़ा खतरा माना जाता था। वह विदेश से भी अपने गुर्गों को निर्देश देता था और रंगदारी के लिए फोन कॉल्स करवाता था।इंटरपोल की मदद से झारखंड पुलिस ने पहले उसका लोकेशन ट्रैक किया। फिर भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और सीबीआई की इंटरपोल शाखा के सहयोग से उसका प्रत्यर्पण संभव हो सका। कई महीनों की मेहनत और कानूनी प्रक्रिया के बाद आखिरकार पुलिस को सफलता मिली है। सुनील मीणा पहले काम के लिए मलेशिया गया था, जहां वह रोहित गोदारा, गोल्डी बरार और संपत नेहरा के माध्यम से लॉरेंस बिश्नोई के संपर्क में आया। मलेशिया से ही उसने अपनी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देना शुरू कर दिया था। उस पर लॉरेंस बिश्नोई के कहने पर राजस्थान और पंजाब में हत्या, रंगदारी और गोलीबारी जैसी घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है।सुनील मीणा पहली बार तब सुर्खियों में आया जब उसने राजस्थान के तत्कालीन राहत एवं आपदा प्रबंधन मंत्री और कांग्रेस विधायक गोविंद राम मेघवाल से रंगदारी मांगी थी। उसने राजस्थान के एक पेट्रोल पंप मालिक से भी पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी, और जब उसने पैसे देने से इनकार किया तो सुनील ने उस पर फायरिंग करवा दी थी।

जांच से पता चला है कि पासपोर्ट रद्द होने के बाद, सुनील मीणा डंकी रूट (अवैध तरीके से विदेश जाने का रास्ता) के जरिए सिंगापुर, ईरान और मेक्सिको होते हुए यूएसए पहुंच गया था.ऐसा कहा जाता है कि वह वहीं से अमन साहू गिरोह के लिए पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के आपराधिक गिरोहों से सदस्यों की भर्ती कर रहा था। इसके अलावा, वह मयंक सिंह के साथ मिलकर झारखंड, बंगाल और छत्तीसगढ़ में कोयला और परिवहन कंपनियों से रंगदारी वसूलने की योजना भी बना रहा था।

## पटना में भीषण सड़क हादसा

# ऑटो और हाइवा की टक्कर में आठ लोगों की मौत, मुख्यमंत्री नीतीश ने जताया दुख

गंगा स्नान करने जा रहे थे सभी

**एजेंसी**



पटनाः बिहार के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के दनियावां प्रखंड के दनियावां-हिलसा मार्ग पर शनिवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सभी पीड़ित नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के रेड्डी मलामा गाँव के निवासी थे। वे त्रिवेणी संगम पर गंगा स्नान के लिए फतुहा जा रहे थे। पटना के जिलाधिकारी के अनुसार, यह दुर्घटना सुबह लगभग 6:45 बजे एक ऑटो-रिक्शा और हाइवा के बीच टक्कर के कारण हुई। इस दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई और घायलों का पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिलाधिकारी (डीएम) ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, यातायात अधिकारियों और एम्बुलेंस को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। रिपोर्टों के अनुसार, दुर्घटना में पाँच लोग घायल हुए हैं और उन्हें इलाज के लिए पीएमसीएच (पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल) में भर्ती कराया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि घायलों की उचित चिकित्सा सुनिश्चित करने के लिए सिविल सर्जन अस्पताल अधीक्षक के लगातार संपर्क में हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सिगरियामा में ट्रक और ऑटो में हुई टक्कर में 08 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है। सभी मृतक नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के मलामा गांव के निवासी थे। मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। स्थानीय प्रशासन, पुलिस स्टेशन और ट्रैफि क पुलिस की टीमें घटनास्थल पर मौजूद थीं और घायलों और पीड़ितों के परिवारों की सहायता के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही थीं। फतुहा-1 के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ), पटना सिटी के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीओ) और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक भी मौके पर मौजूद थे, जो बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे थे और यह सुनिश्चित कर रहे थे कि सभी आवश्यक कार्रवाई तुरंत की जाए। दनियावां अंचल अधिकारी को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन करने और प्रोटोकॉल के अनुसार तेजी से कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। सभी अधिकारियों को प्रभावी ढंग से समन्वय करने और प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए तेजी से काम करने का निर्देश दिया गया है। ग्रामीण एसपी को घटनास्थल पर समग्र सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करने के लिए भी कहा गया है।

## पंजाबः एलपीजी सिलेंडर से भरे टैंकर धमाके में 2 की मौत, 28 घायल

**एजेंसी**

चंडीगढ़ः पंजाब के होशियारपुर में बीती रात एलपीजी सिलेंडर से भरे टैंकर में धमाका होने से 2 लोगों की मौत हो गई जबकि 28 घायल हो गए। टैंकर में धमाके से लगी आग के कारण आसपास की एक दर्जन से अधिक दुकानें तथा चार मकान जलकर नष्ट हो गए। हादसा होशियारपुर के गांव मंडियाला के निकट शुक्रवार की रात हुआ। घटना के बाद शनिवार सुबह स्थिति पूरी तरह से नियंत्रित कर ली गई है। जिला उपायुक्त आशिका जैन ने अस्पताल में उपचाराधीन लोगों का हालचाल पूछा है। जिला प्रशासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार मंडियाला गांव में रात करीब साढ़े 10 बजे यह धमाका हुआ। ग्रामीणों के सूचना देते ही पुलिस-प्रशासन बचाव में जुट गया। जालंधर-होशियारपुर नेशनल हाईवे पर गांव से एक किलोमीटर पहले ट्रैफिक रोक दिया गया। आग बुझाने के लिए होशियारपुर, दसूहा और तलवाड़ा से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गईं। हाईवे पर करीब एक किलोमीटर का एरिया खाली करा लिया गया। हादसे की जानकारी मिलते ही पंजाब के कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह मौके पर पहुंचे। होशियापुर की उपायुक्त आशिका जैन ने बताया कि रात डेढ़ बजे तक आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया। स्थिति पूरी तरह सामान्य होने के बाद ही नुकसान का आकलन किया जाएगा। होशियारपुर के सिविल सर्जन पवन कुमार के मुताबिक दो लोगों को देर रात मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया। 22 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। गंभीर रूप से झुलसे कई मरीजों को होशियारपुर से रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार जिस जगह पर यह धमाका हुआ है, उसके कुछ दूरी पर ही गैस गोदाम था। संयोग से आग की लपटें वहां तक नहीं पहुंची। जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया।

## लखीमपुर झोले में नवजात का शव लेकर कलक्ट्रेट पहुंचा पिता, वीडियो वायरल होते ही अस्पताल सील

**एजेंसी**



लखीमपुरः खीरी के महेवागंज के एक निजी हॉस्पिटल में डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत हो गई। परिवार ने हॉस्पिटल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया और हंगामा किया। नाराज पिता बच्चे के शव को झोले में लेकर कलक्ट्रेट पहुंच गया। इससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर सीएमओ, एसडीएम और कोतवाल फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। सीएमओ ने हॉस्पिटल को सील कर दिया है। पूरे मामले की जांच शुरू हो गई है। भीरा थाने के नौसर जोगी गांव निवासी विपिन गुप्ता की पत्नी गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर महिला को गोलदार हॉस्पिटल महेवागंज में भर्ती कराया गया। पिता ने बताया कि हॉस्पिटल में आठ हजार रुपये जमा कराए गए। आरोप है कि पैसे कम थे तो इलाज नहीं किया। हालत बिगड़ने पर रेफर कर दिया। बाद में महिला को सृजन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसने मृत बच्चे को जन्म दिया। इससे परिजन आक्रोशित हो गए।

पिता नवजात के शव को झोले में लेकर डीएम और एसपी के ऑफिस पहुंच गया। उसने गोलदार हास्पिटल पर कार्रवाई की मांग की। झोले में नवजात के शव को देखकर अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर सीएमओ, एसडीएम और कोतवाल फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। स्वास्थ्य विभाग ने गोलदार हास्पिटल में जांच की। बाद में सीएमओ ने हॉस्पिटल को सील कर दिया है। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता और एसडीएम सदर अश्विनी सिंह गोलदार अस्पताल पहुंचे। टीम ने जांच शुरू की और डीएम को मामले से अवगत कराया। डीएम के निर्देश पर अस्पताल सील कर दिया गया है और मामले की जांच चल रही है। वहीं, अस्पताल में भर्ती मरीजों को जिला महिला अस्पताल शिफ्ट किया गया है।

डीएम के निर्देश पर एडीएम जे अनिल कुमार रस्तोगी अपनी टीम के साथ सृजन अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों से प्रसूता के स्वास्थ्य की जानकारी हासिल की। साथ ही, डॉक्टरों को निर्देश दिये कि प्रसूता के इलाज में कोई कमी नहीं होनी चाहिये। प्रसूता को अच्छे से अच्छा इलाज मुहैया कराया जाए। प्रशासन से जो भी मदद चाहिये, वह उपलब्ध करायी जाएगी। फिलहाल, प्रसूता की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। वहीं, डीएम ने खुद प्रसूता के इलाज का पूरा खर्च वहन करने की जिम्मेदारी उठाई। डीएम ने परिजनों से कहा कि किसी प्रकार की चिंता न करें और प्रशासन उनके साथ है।

## झारखंड में काल बनकर आया मानसून

# भारी बारिश से पांच की मौत, कई घायल

- सरायकेला में भरभराकर गिरा कच्चा घर, मां-बेटे की मौत

**संवाददाता**



**रांची :** झारखंड में मानसून लगातार सक्रिय देखने को मिल रहा है। राज्य में लगातार हो रही भारी बारिश ने कहर बरपाया है। बारिश से हुई अलग-अलग घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 1 व्यक्ति लापता है। इसके अलावा कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि सरायकेला-खरसावां के राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत डांडू गांव में पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश से कच्चे मकान कमजोर हो गए हैं जिस वजह से घर ढह गया। घर के भीतर मौजूद पूरे परिवार और आए मेहमान सहित 10 लोग मलबे में दब गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के साथ मिट्टी हटाकर दबे लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां 7 लोगों को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर कर दिया गया। हादसे में एक महिला और उसके सात वर्षीय बेटे की मौत हो गई और 8 लोगों का इलाज चल रहा है। जिले में एक अन्य घटना में, शनिवार सुबह एक घर की दीवार गिरने से 5 साल के बच्चे की मौत हो गई और 3 अन्य घायल हो गए। यह घटना खरसावां थाना क्षेत्र के कोल शिमला में हुई। वहीं, चतरा जिले के कटघरा गांव में शुक्रवार को एक दंपति उफनती नदी में बह गए। गिधौर के बीडीओ राहुल देव ने बताया, पति का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि पत्नी अब भी लापता है।" जिले के पत्थलगडा प्रखंड के खैराटोला गांव में भी बारिश से संबंधित घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

## झारखंड में अगले 48 घंटे काफी भारी, कई जिलों में तेज गर्जन के साथ होगी भारी बारिश,

# रांची में आज बारिश का येलो अलर्ट



**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड में मानसून लगातार सक्रिय देखने को मिल रहा है। राज्य में लगातार हो रही भारी बारिश ने कहर बरपाया हुआ है। बारिश ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के लिए अगले 48 घंटे काफी भारी होने वाले हैं। मौसम विभाग ने रांची, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा, चतरा, रामगढ़, जमशेदपुर, सरायकेला-खरसावां, पश्चिम सिंहभूम, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा जिलों में अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक रांची, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा, चतरा, रामगढ़, जमशेदपुर, सरायकेला-खरसावां, पश्चिम सिंहभूम, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा जिलों में तेज गर्जन-तड़क के साथ भारी बारिश हो सकती है।

वहीं, मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से घरों से बाहर निकलते समय सतर्क रहने, खुले मैदान और पेड़ों के नीचे खड़े न होने की अपील की है ताकि कोई बड़ी अनहोनी से बचा जा सके।

## चतरा के 4 प्रखंडों में बाढ़ जैसे हालात, तिलैया डैम के फाटक खोले गए

# पति-पत्नी बहे, 5 हजार मुर्गियां मरीं, लोग ने कहा पूरी जिंदगी ऐसी बारिश नहीं देखी

चतराः झारखंड में एक बार फिर मानसून पूरे तरीके से सक्रिय हो गया है। बुधवार रात से ही रूक-रूक कर बारिश हो रही है। इससे हर जगह निचले इलाकों में पानी भर गया। बारिश ने चतरा के चार प्रखंड पत्थलगड़ा, गिद्धौर, कान्हाचट्टी और ईटखोरी में तबाही मचाई है। जिले में पिछले 24 घंटे में 106 मिमी बारिश दर्ज की गई। इससे यहां बाढ़ जैसे हालात बन गए। करीब 600 घर पानी में घिर गए। नदियां उफान पर है। गिद्धौर प्रखंड के कटघरा गांव में नदी किनारे एक घर में पानी घुस गया। बहाव इतना तेज था कि घर में सो रहे पति-पत्नी को बहा ले गया। पति का शव पास के एक खेत में मिला। पत्नी की खोजबीन जारी है। लगातार हो रही बारिश के बाद कोडरमा में तिलैया डैम का जलस्तर खतने के निशान को पार गया गया है। शुक्रवार रात 9 बजे तिलैया डैम के पानी को डिस्चार्ज करने के लिए डैम के फाटक खोले गए और डैम से हर सेकेंड 1000 क्यूबिक पानी डिस्चार्ज किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। डैम का फाटक खोले जाने को लेकर डीवीसी प्रबंधन की ओर से कोडरमा जिला प्रशासन के अलावा गिरिडीह, बोकारो, धनबाद और जामताड़ा जिले को अलर्ट कर दिया गया है। डैम के आसपास स्थित गांव में माइकिंग के द्वारा लोगों को डैम के किनारे नहीं जाने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले तीन दिनों तक मानसून सक्रिय रहेगा। शनिवार को पलामू, चतरा, गढ़वा और लातेहार में भारी बारिश हो सकती है। इन जिलों में बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं रांची, खूंटी, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, कोडरमा और धनबाद के लिये येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 30 से 40 किमी की रफ्तार से हवा चलेगी। ठनका भी गिर सकता है। वहीं 25 अगस्त को पश्चिमी और मध्य क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना है।

भारी बारिश के कारण सरायकेला के डांडू गांव में शुक्रवार को मिट्टी का कच्चा मकान छह गया। इसके मलबे में 10 लोग दब गए। रांची में अब तक 52 प्रतिशत अधिक बारिशः राज्य में एक जून से लेकर 22 अगस्त तक 921.6 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य वर्षापात 730.5 मिमी से 26 अधिक है। रांची में 1133.8 मिमी बारिश हुई जो कि सामान्य से 748.0 मिमी से 52 प्रतिशत अधिक है।

# इंटेल कंपनी अमेरिकी सरकार को 10 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने को तैयारः ट्रंप

**एजेंसी**



वाशिंगटन : राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि संकटग्रस्त सिलिकॉन वैली चिप निमार्ता कंपनी इंटेल ने अमेरिकी सरकार को अपने कारोबार में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने पर सहमति जताई है। इसकी कीमत 8.9 अरब डॉलर है। यह 2008 के वित्तीय संकट के बाद ऑटो उद्योग को बचाने के बाद से किसी अमेरिकी कंपनी में सरकार के सबसे बड़े हस्तक्षेपों में से एक है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, राष्ट्रपति ने यह घोषणा संवाददाता सम्मेलन में की। ट्रंप ने कहा कि यह समझौता पिछले हफ्ते इंटेल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लिप-बू टैन के साथ हुई बातचीत के बाद हुआ है। ट्रंप ने कहा कि टैन उनके सुझाव पर सहमत हो गए। यह उनके लिए बहुत बड़ा सौदा है। इस सौदे पर इंटेल ने कहा कि अमेरिका उसके शेयरों में 8.9 अरब डॉलर का निवेश करेगा। इसके अलावा सरकार ने चिप्स एंड साइंस एक्ट के तहत कंपनी को 2.2 अरब डॉलर का भुगतान किया है। चिप्स एंड साइंस एक्ट एक संघीय कार्यक्रम है, जिस पर 2022 में हस्ताक्षर हुए थे। इसके बाद अमेरिकी सेमीकंडक्टर निर्माण को पुनर्जीवित करने के लिए अरबों डॉलर का अनुदान प्राप्त हुआ।

टैन ने एक बयान में कहा कि सरकार इंटेल में बोर्ड की कोई सीट नहीं लेगी। सरकार के पास अन्य प्रशासनिक अधिकार नहीं होंगे। टैन ने कहा, इंटेल राष्ट्रपति और प्रशासन का भरोसा जताने के लिए आभारी है। अब हम अमेरिकी प्रौद्योगिकी और विनिर्माण क्षेत्र में नेतृत्व को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने इस समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में अमेरिकी नेतृत्व को मजबूत करेगा। उधर, अमेरिकी सौदे की खबर से इंटेल के शेयरों में 6 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई। 1968 में स्थापित, यह कंपनी उद्योग में अग्रणी रही है। इसने वर्षों से तेज और अधिक शक्तिशाली चिप्स का उत्पादन किया है। इस कारण सिलिकॉन वैली अमेरिकी तकनीकी क्षेत्र की नींव बन गई है। लेकिन स्मार्टफोन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्रांति सहित नवाचार की कई लहरों से चूकने के बाद इंटेल मुश्किल में है।

न्यूज IN ब्रीफ

## हिंडाल्को के सड़क पर पानी छोड़े जाने से परेशानी



**सिल्ली:** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मुरी द्वारा बारिश का पानी सड़क पर निकाल दिए जाने से स्कूली बच्चों व राहगीरों को प्रतिदिन काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हिंडाल्को कंपनी के बगल में उर्सलाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल है । इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को सड़क पर बहता गंदा पानी पार कर स्कूल आना जाना पड़ता है। जिससे बच्चों का स्कूल यूनिफॉर्म गंदे पानी में ड्डीग जाते हैं। हिंडालको प्रबंधन की मनमानी से बच्चे व अड्डिड्डावक परेशान है। अड्डिड्डावकों का कहना है कि कंपनी को बारिश का पानी चाहरदीवारी के बाहर निकालना ही है तो क्रॉस-स्लोप और ड्रेनेज सिस्टम बनाना चाहिए। परन्तु पर्यावरण की सफाई के प्रति कंपनी गंभीर नही।

## श्री श्याम सेवा मंडल की बैठक संपन्न



**झुमरी तिलैया :** शहर के बाईपास रोड स्थित शिव वाटिका में श्री श्याम सेवा मंडल की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 12 सितंबर, दिन शुक्रवार को होने वाले 11वें कीर्तन महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करना और कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने की रणनीति तय करना रहा। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष का आयोजन और भी भव्य स्वरूप में होगा। कार्यक्रम में भागलपुर के लोकप्रिय गायक राहुल सोनी और रांची की सुप्रसिद्ध गायिका तत्सा गुप्ता अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तिमय वातावरण बनाएंगे। इसके साथ ही शहर के प्रसिद्ध कलाकारों के भजन और कोलकाता से आए प्रतिष्ठित म्यूजिकल ग्रुप की भजन संध्या आयोजन का विशेष आकर्षण होंगी।मंडल के सदस्यों ने जानकारी दी कि आयोजन के दिन बाबा श्याम का भव्य दरबार, मनोरम श्रृंगार, 56 भोग और इत्र वर्षा श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित करेंगे। पूरा वातावरण श्याम भक्ति में सराबोर रहेगा और हजारों श्रद्धालु बाबा श्याम के दरबार में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। बैठक की अध्यक्षता आशीष पवन चौधरी ने की। इसमें मुख्य रूप से जोशी कुमार,पप्पू कुमार, रितेश सिंहा, बबलू सिंह, रॉबिन्स, चीकू, मनीष, पंकज, दीपक पटेल, बिनीत पहाड़ी, संजय सूद, वीर गुप्ता, शिव शंकर, राम अनूज, विक्की, उमेश, राजेश, रिस्मन, अंकित, अभिषेक, पंकज दर्रे, सुधीर, सीताराम, गौरी, सुनील वर्मा, पिंकू मोदी, सूरज कसेरा सहित श्याम सेवा मंडल परिवार के सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।बैठक का समापन दीपक चंद्रवंशी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## प्रेम प्रसंग में नाबालिग छात्रा ने रेलवे पुल से लगायी छलांग, घायल



**कोडरमा :** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा - गिरिडीह रेलखण्ड के पुरनानगर रेलवे पुल से एक नाबालिक छात्रा ने खौफनाक कदम उठाया है. जहां रेलवे ट्रैक पर छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास करने का मामला सामने आया है. जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई है। घायल युवती की पहचान नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनानगर निवासी 17 वर्षीय किशोरी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार देर रात को किशोरी से और उसके परिजन से किसी बात को लेकर मोबाइल को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद शुक्रवार दोपहर मे रेलवे ट्रैक की ओर अकेले ही निकल पड़ी और पुरनानगर रेलवे पुल के समीप पहुंचकर वहां से रेलवे ट्रैक पर छलांग लगा दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर इसी बीच वहां से गुजर रहे ग्रामीण की नजर उस पर पड़ी और इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन वहाँ पहुंचे और आनन- फानन में उसे लेकर कोडरमा सदर अस्पताल ले जाया गया जहा चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।

## 'दिशुम गुरु संकल्प नेत्र ज्योति पखवाड़ा', 71 मरीजों को मिली रोशनी

खूंटीः दिवंगत गुरुजी की स्मृति को समर्पित 'दिशुम गुरु संकल्प नेत्र ज्योति पखवाड़ा' के अंतर्गत आयोजित शिविर में आज 71 मरीजों की सफल मोतियाबिंद सर्जरी कर उन्हें नई रोशनी दी गई। इसकी पूणार्हुति खूंटी जिले के सिविल सर्जन द्वारा की गई।

गौरतलब है कि विगत दिनों 04 अगस्त 2025 को गुरुजी का देहावसान हो गया था। उनकी स्मृति में सर्वगीण ग्राम विकास संस्था (एसजीवीएस) द्वारा तीन जिलों में यह नेत्र ज्योति पखवाड़ा आयोजित किया गया था।संस्था के अध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुण्डा के अस्वस्थ होने के कारण, उन्होंने व्यक्तिगत रूप से श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग नहीं ले पाने की सूचना देते हुए पहले ही तीनों जिलों के सिविल सर्जन को पत्र लिखकर इस नेक कार्य के लिए अनुमति और सहयोग माँगा था।इसी क्रम में आज खूंटी जिले में आयोजित कार्यक्रम की समाप्ति पर सिविल सर्जन ने अपने स्वास्थ्य कर्मियों और एसजीवीएस समूह की ओर से दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बड़ा फैसला

# आजीवन सजा काट रहे 51 कैदियों को मिलेगी रिहाई

**संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सीएम आवासीय कार्यालय में आयोजित बैठक में एक बड़ा फैसला लिया। बैठक में राज्य की विभिन्न जेलों में आजीवन सजा काट रहे 51 कैदियों को रिहा करने का निर्णय लिया गया।

यह निर्णय झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 35वीं बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों की समीक्षा के बाद लिया गया। बैठक में रिहाई से संबंधित 37 नए मामलों और पहले अस्वीकृत किए गए 66 मामलों पर पुनर्विचार किया गया। कुल मिलाकर 103 कैदियों के मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने रिहाई हेतु अनुशंसित कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति, उम्र, पारिवारिक व सामाजिक पृष्ठभूमि, जेल में आचरण, स्वास्थ्य स्थिति और संबंधित अधिकारियों की रिपोर्ट का गहन अध्ययन किया। विचार-विमर्श के बाद 51 कैदियों की रिहाई पर सहमति दी गई।



सीएम सोरेन ने कहा कि 14 वर्ष या उससे अधिक समय से सजा काट रहे, वृद्ध और अच्छे आचरण वाले कैदियों को समाज में नई शुरूआत का अवसर देना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि रिहा होने वाले कैदियों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा जाए ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें।

बैठक में यह भी बताया गया कि वर्ष 2019 से अब तक 619 कैदियों को रिहा किया गया है, जिनमें से 470 कैदियों को वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा ई-श्रम कार्ड जैसी सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा चुका है। बाकी कैदियों को भी जल्द ही इन योजनाओं के दायरे में लाया जाएगा।

बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, प्रधान सचिव (विधि) नीरज कुमार श्रीवास्तव, महानिरीक्षक कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं सुदर्शन प्रसाद मंडल, न्यायिक आयुक्त अनिल कुमार मिश्रा और प्रधान प्रोवेशन पदाधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# फुटबॉल के महाकुंड्डा में कोडरमा ने रांची को 2 - 0 से हराया

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला अन्तर्गत प्रखंड चलकुशा स्थित पंचायत सेवाटांड के ग्राम केंदुआ 02 में फुटबॉल का महाकुंभ शुरू हो चुका है। प्रिंस क्लब, केंदुआ 02 द्वारा आयोजित इस भव्य टूर्नामेंट का शुक्रवार को उद्घाटन हुआ। इस टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटित बतौर मुख्य अतिथि, अध्यक्ष झारखण्ड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सह पूर्व विधायक, बरकट्ठा जानकी प्रसाद यादव ने फुटबॉल को किक मारकर और फीता काटकर टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच में रांची और कोडरमा की टीमों के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला, जिसने मैदान में मौजूद हर दर्शक को रोमांचित कर दिया। कोडरमा की टीम ने 2 -0 से जीत दर्ज की। श्री यादव ने इस सफल आयोजन के लिए प्रिंस क्लब और फ्लाहुल मुस्लेमीन कमिटी, केंदुआ 02 के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, निर्णायक और सभी सम्मानित सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा खेल युवाओं में अनुशासन, एकता और टीम भावना का संचार करता है। फुटबॉल टूर्नामेंट जैसे आयोजन न सिर्फ खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देते हैं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य, सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा भी बढ़ाते हैं। संगठन ऐसे खेल आयोजनों को प्रोत्साहन देता रहेगा ताकि हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। इस आयोजन खेल और टीम वर्क की भावना का एक अद्भुत उदाहरण है। मौके पर गणमान्य समाजसेवी, जनप्रतिनिधीगण एवं भारी संख्या में खेलप्रेमियों का महाजुटान हुआ।

# तिलैया डैम के आठ फाटक खुले, निचले इलाकों में अलर्ट

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा :** झारखंड में मानसून फिर सक्रिय हो गया है। कई जिलों में भारी बारिश हुई है, जिससे बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। वहीं कोडरमा में तिलैया डैम का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है, जिसके चलते डैम के फाटक खोले गए। लगातार बारिश के कारण कोडरमा में तिलैया डैम का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर चला गया है। इसलिए शुक्रवार रात 9 बजे डैम के आठ फाटक खोले गए। लक्ष्य रखा गया है कि डैम से हर सेकंड 1000 क्यूबिक पानी छोड़ा जाएगा। डीवीसी प्रबंधन ने कोडरमा जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड़ में है। डैम के आसपास के गांवों में लोगों को माइक से अनाउंस करके नदी के किनारे न जाने की सलाह दी जा रही है। पानी का दबाव कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है। तिलैया डैम के हेडल इंचार्ज सैयद महताब कादरी ने



बताया कि तकनीकी टीम लगातार प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रही है। फिलहाल डैम का जलस्तर खतरे के निशान से करीब 5 फीट नीचे है, लेकिन मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में और बारिश की संभावना जताई है। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए डैम क्षेत्र में बोटिंग पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। फाटक खोलने के बाद डैम के आसपास पुलिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## झामुमो ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका

**रांची :** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लोकसभा में पेश किए गए संविधान संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला समिति ने अल्बर्ट एक्का चौक पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया।

झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम के नेतृत्व मे हुए पुतला दहन कार्यक्रम मे रांची जिला के सभी स्तर के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

मौके पर मुस्ताक आलम ने कहा कि लोकसभा में जो काला कानून के रूप मे जो विधेयक लाया गया है ये लोकतंत्र पर हमला है। यह पूरी तरह विपक्षी दलों को टारगेट करने के लिए किया जा रहा है। हम इसका पुरजोर विरोध करते हैं। जबतक ये काला कानून वापस नहीं लिया जाता है, हमारा विरोध जारी रहेगा। और इसी के विरोध मे आज झामुमो रांची जिला समिति के द्वारा हमलोग पुतला दहन कर रहे हैं।पुतला दहन कार्यक्रम मे मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, जिला संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता, जिला संयोजक मंडली सदस्य बीरू तिर्की, नयनतारा उरांव, सोनू मुंडा आदि उपस्थित थे।

# कुल्हाड़ी मारकर व्यक्ति को किया घायल, रिम्स रेफर, आरोपी गिरफ्तार



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा :** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत चमारो जमडीहा क्रेशर मंडी में एक व्यक्ति की कुल्हाड़ी से उसके सिर पर हमला कर दिया गया है। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल व्यक्ति की पहचान नवलशाही थाना क्षेत्र के बच्छेडीह निवासी 42 वर्षीय सुरेंद्र यादव पिता नारो महतो के रूप में हुई है। इधर घायल द्वारा नवलशाही थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। दिए गए आवेदन में घायल सुरेंद्र यादव ने बताया है कि वह हाईवा चलाने का काम करता है। वह नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न क्रेशरों पर अपने हाईवा से पत्थर गिराता है। पीड़ित ने बताया की बीते दिनों उसने चमारो स्थित क्लस्टर मियां के क्रेशर पर पत्थर गिराया था। जिसको लेकर वह गुरुवार रात को क्लस्टर मियां के क्रेशर पर अपने पैसे लेने गया हुआ था। जिसके बाद संजय यादव नामक एक व्यक्ति व उसके साथी द्वारा उस पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया गया। इस दौरान संजय यादव ने सुरेंद्र के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया और वह बुरी तरह से घायल हो गया। जिसके बाद घायल व्यक्ति को स्थानीय लोगों की मदद से आनन - फानन मे सदर अस्पताल ले जाया गया. जहाँ डॉक्टरों द्वारा घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही नवलशाही थाना प्रभारी ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं नवालशाही पुलिस ने आरोपी संजय यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सूत्रों के अनुसार पुरा मामला प्रेम प्रसंग का चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का खूंटी में भव्य स्वागत

**संवाददाता**

**खूंटीः** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन का शुक्रवार को खूंटी जिले में भव्य स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए जिले की समस्याओं से अवगत कराया।

चंपाई सोरेन मूलतः एक निजी काम से खूंटी के चलागी गांव आए हुए थे। इस दौरान उन्होंने खूंटी के पिपरा टोली, नामकोम स्थित 'सीता रसोई' में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से मुलाकात की। इस बैठक में कार्यकर्ताओं ने जिले की विकासात्मक ठहराव और लोगों से जुड़ी मुख्य समस्याओं से उन्हें रूबरू कराया।

इसके बाद, पूर्व मुख्यमंत्री ने एक प्रेस वार्ता की जहां उन्होंने खूंटी के मुद्दों पर सरकार पर जोरदार हमला बोला।

नॉलेज सिटी बाईपास और बनाई नदी पुल जैसे मुद्दों पर श्री सोरेन ने खूंटी के विकास में झारखंड सरकार की उदासीनता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, नॉलेज सिटी बाईपास जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह गई है। नितिन गडकरी द्वारा बाईपास का सारा कम कर दिया गया है पर झारखंड सरकार के उदासीनता के कारण काम लटका हुआ है। साथ ही, बनाई नदी पर काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है, जिससे क्षेत्र के निवासियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यह सरकार जनता से किए गए वादों को भूल गई है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भाजपा पर लगाए गए 'वोट चोर' के आरोपों पर चंपई सोरेन ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, राहुल गांधी का बयान देश की जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाता है। लोकतंत्र में मतदाता ही सब कुछ हैं, और जब जनादेश पर ही सवाल उठे तो यह चिंता का विषय है।



## चक्रधरपुर रानी शक्ति मंदिर में हुई पूजा अर्चना, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

चक्रधरपुर में आज भादो अमावस्या के दिन रानी शक्ति मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी नरेंद्र उपाध्याय ने मंदिर में विशेष रूप से पूजा अर्चना किया तत्पश्चात दादी की वंदना आरती की गई। आज भादो अमावस्या के उपलक्ष्य में प्रातः काल से ही रानी शक्ति मंदिर में भक्तजनों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। वहीं प्रख्यात व्यवसायी और समाजसेवी सुशील पाड़िया सह परिवार रानी शक्ति मंदिर पहुंचे और दादी की पूजा अर्चना की तथा जयकारा लगाया।



## भादो बदी अमावस्या महोत्सव 2082 का शुभारंभ

रांची : शुक्रवार एवं शनिवार को भादो बदी अमावस्या महोत्सव 2082 का शुभारंभ श्री श्याम अग्रवाल सपत्नीक द्वारा गणेश पूजन कर किया गया। इसके उपरांत अखंड ज्योत प्रवजलित की गई। मंगल पाठ संयोजक सुशील नारसरिया ने बताया कि 501 सुहागिन महिलाओं द्वारा राजस्थान की पारंपरिक वेशभूषा में मंगल पाठ किया गया, पाठ का संचालन शशि सर्राफ के द्वारा किया गया। ध्वज पूजन प्रातः 10:00 बजे विनोद जालान से परिवार द्वारा किया गया। मंदिर प्रांगण में श्री हरि सत्संग समिति द्वारा बहुत ही सुंदर एवं भावपूर्ण सुंदरकांड की प्रस्तुति की गई।

# भारी बारिश के बाद तजना नदी का रौद्र रूप, मुक्तिधाम पूरी तरह जलमग्न

**संवाददाता**

**खूंटीः** मौसम विभाग द्वारा लगातार तीन दिन भारी बारिश की चेतावनी जारी करने के बाद, महज एक रात की मूसलाधार वर्षा ने ही क्षेत्र की नदियों का जलस्तर खतरनाक स्तर तक बढ़ा दिया है। खूंटी की तजना नदी का जलस्तर अपने अब तक के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुँच गया है।

इस बाढ़ के कारण, तजना नदी के किनारे बने मुक्तिधाम का पूरा इलाका पानी में डूब गया है। स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि उन्होंने अपने जीवन में तजना नदी को इतना विकराल रूप कभी नहीं देखा। आमतौर पर बारिश में नदी का जलस्तर बढ़ता है, जिसे देखते हुए मुक्तिधाम में शवों के अंतिम संस्कार के लिए एक ढाँचा अलग से बनाया गया था। लेकिन इस बार की अप्रत्याशित बाढ़ ने वह सारी व्यवस्था को भी अपने में समाहित कर लिया है।

अगर इसी तरह बारिश जारी रही, तो जलस्तर और बढ़ने की आशंका है, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। नदी में उफान की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ तजना नदी के पुल पर इकट्ठा हो गई। लोग नदी के खतरनाक स्तर के पानी के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं।









# रांची में सड़क पर बह रही नदी, धुर्वा-तिलैया डैम का फाटक खुला, स्वर्णरेखा व खरकई नदी का जलस्तर बढ़ा

### जगरनाथपुर मुख्य मंदिर तक जाने वाली सड़क पर पड़ी गहरी दरारें

**संवाददाता**

रांची : राजधानी रांची सहित राज्यभर में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश के दबाव से जहां धुर्वा डैम ओवरफ्लो होने लगा है। वहीं, धुर्वा स्थित ऐतिहासिक जगरनाथपुर मंदिर परिसर भी प्रभावित हो गया। मुख्य मंदिर तक जाने वाली सड़क पर गहरी दरारें पड़ गई हैं, जबकि मंदिर की सीढ़ियों में लगी रेलिंग धंसकर हिलने लगी है। कई रेलिंग जमीन में घुस गई। इससे मंदिर परिसर और आसपास रहने वाले लोगों में डर का माहौल है। स्थानीय लोग आशंका जता रहे हैं कि लगातार बारिश और डैम से बढ़ते पानी का दबाव स्थिति को और गंभीर बना सकता है।

जगरनाथ मंदिर न्याय समिति के प्रथम सेवक सह सदस्य एवं बड़कागढ़ स्टेट के प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने जिला प्रशासन और सरकार से त्वरित निरीक्षण कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं का आवागमन सुचारू रहे, इसके लिए सड़क और सीढ़ियों की मरम्मत तुरंत होनी चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि शनिवार, रविवार, मंगलवार, गुरुवार, एकादशी और पूर्णिमा को मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। ऐसे में स्थिति को तुरंत सुधारने की दिशा में कदम उठाना अनिवार्य है।



## रोड नंबर 3ए अमन ग्रीन सिटी डूबा

रांची: लगातार बारिश होने के कारण रोड नंबर 3ए अमन ग्रीन सिटी डूब गया है। यहां के स्थाई निवासी तौसीफ खान ने बताया इस रोड के टेंडर की प्रक्रिया रांची नगर निगम द्वारा की गयी है लेकिन अब तक टेंडर नहीं हुआ जिसके कारण काफी परेशानी होती है। मैं लगातार रांची नगर निगम के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से मिला लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला है आपका रोड जल्द से जल्द बन जाएगा।



**पिस्का रेलवे निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के दोनों तरफ का स्लैब गिरा, आवागमन बाधित**

## पानी और मलबा घरों में घुसा, परेशानी

पिस्का नगडी: लगातार बारिश से रांची गुमला राजमार्ग–43 में पिस्का रेलवे स्टेशन के समीप–निर्माणाधीन पिस्का ओवरब्रिज के दोनों तरफ के सीमेंट का स्लैब गिर गया। जिससे इस रोड पर चार फीट तक मलबा फैल गया। जब स्लैब गिर रहा था ठीक इस बीच एक चार पहिया वाहन गुजर रहा था जिसके चपेट में वाहन आ गया पर किसी को कोई नुकसान नही हुआ गया, लेकिन कार मलबा के बीच फँस गया । पिस्का ओवरब्रिज के स्लैब रोड में गिरने से लगभग तीन घंटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन ठप रहा। अभी अभी सूचना के अनुसार काफी मशक़्क़त के बाद से एक तरफ का आवागमन हो रहा है दूसररे ब्रीज का मलवा गिरने से रोड के दोनों किनारों में बने सभी घरों में पानी करीब 2–3 फीट पानी भर गया है । लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। लोगों ने सरकार और जनप्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगायी है।

### चान्हो में भारी बारिश का कहर, पंचू उरांव का घर गिरा

चान्हो : प्रखंड के रघुनाथपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम फुलडीह में भारी बारिश के कारण एक बड़ा हादसा हुआ है। ग्राम फुलडीह निवासी पंचू उरांव का घर भारी बारिश के कारण गिर गया, जिससे उनका परिवार बेघर हो गया। ग्राम फुलडीह में रहने वाले पंचू उरांव का घर शुक्रवार को भारी बारिश के कारण गिर गया। इस घटना में घर के सभी सामान और जरूरी दस्तावेजों को नुकसान पहुंचा है। पंचू उरांव का परिवार अब बेघर हो गया है और उन्हें तत्काल सहायता की आवश्यकता है।

## भारी बारिश में ढहा मिट्टी का कच्चा मकान

चान्हो: प्रखंड में लगातार तीन दिनों से हो रही भारी बारिश ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। चान्हो प्रखंड के लुंडरी गांव में महफूज बीबी का कच्चा मिट्टी का घर पूरी तरह ढह गया। हादसे में घर के साथ रखा हुआ सारा राशन और जरूरी सामान भी मलबे में दबकर नष्ट हो गया। परिवार अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है और भोजन की गंभीर समस्या का सामना कर रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से त्वरित मदद की मांग की है ताकि प्रभावित परिवार को राहत मिल सके। लगातार बारिश से क्षेत्र में और भी कई घरों पर खतरा मंडरा रहा है।



# रांची, रिम्स स्थित कैंटीन का लाइसेंस रद्द, किया गया सील

### चाय पीते ही महिला डॉक्टर की बिगड़ गई थी तबीयत

**संवाददाता**




रांची: रिम्स कैंटीन की चाय पीने के बाद स्त्री व प्रसूति विभाग की पीजी स्टूडेंट की तबीयत बिगड़ गयी। उन्हें क्रिटिकल केयर के आईसीयू में भर्ती कराया गया। महिला डॉक्टर को वेंटिलेटर पर रखा गया है। क्रिटिकल केयर के विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप भट्टाचार्या और डॉक्टरों की टीम महिला डॉक्टर के स्वास्थ्य पर नजर रखी हुई है। अगले 48 घंटे को क्रिटिकल बताया गया है। इस घटना के बाद रिम्स स्थित कैंटीन का लाइसेंस रद्द कर दिया गया और उसे सील भी कर दिया गया है। चाय के सैंपल और कैंटिन में मौजूद अन्य खाद्य सामग्रियों की जांच होगी।

रिम्स निदेशक डॉक्टर राजकुमार और अधीक्षक डॉक्टर हिरेंद्र बिरूआ ने भी छात्रा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। छात्रा ने रात 11 बजे ड्यूटी खत्म होने के बाद सहपाठियों के साथ रिम्स की कैंटीन से चाय मंगायी। प्लास्टिक की थैली में चाय लायी गयी। उसके सहपाठियों ने दुर्गंध आने की बात कह चाय नहीं पी। पीड़ित डॉक्टर ने चाय पी ली। कुछ ही मिनट बाद उसकी तबीयत बिगड़ गयी। डॉक्टर विषाक्त पदार्थ का सेवन को आधार बना इलाज कर रहे है। रिम्स प्रबंधन ने जांच कमेटी का गठित कर दी है। टीम में मेडिसिन के विभागाध्यक्ष, गाइनो की विभागाध्यक्ष डॉ भपेंद्र सिंह को रखा गया है। टीम को पूरे मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया है।

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रिम्स निदेशक को शीघ्र बर्खास्त करने की मांग की है। स्वास्थ्य मंत्री ने रिम्स की दुर्दशा के लिए निदेशक को जिम्मेदार ठहराया है। इरफान अंसारी ने कहा कि वह न्यायालय का सम्मान करते हैं, लेकिन निदेशक का गैर-जिम्मेदाराना रवैया अस्वीकार्य है। उन्होने मुख्यमंत्री से रिम्स निदेशक मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। डॉक्टर इरफान अंसारी ने आरोप लगाया कि निदेशक रिम्स को राजनीति का अड्डा बना चुके हैं, जो किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होने चाय पीने से डॉक्टर की तबीयत बिगड़ने की घटना को गंभीरता से लिया है। कैंटीन संचालक का लाइसेंस तत्काल रद्द कर दिया है।

# शराब में मिलाया नशीला पदार्थ, वैन में की हत्या पत्नी और प्रेमी ने दिया खौफनाक घटना को अंजाम

**रांची :** राजधानी रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र में 20 अगस्त को हुई लुंबा उरांव की हत्या का पुलिस ने घटना के महज आठ घंटे के भीतर खुलासा कर लिया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी गीता देवी और उसके प्रेमी इरफान अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने अपने अवैध संबंध में बाधक बन रहे लुंबा उरांव को रास्ते से हटाने के लिए हत्या की साजिश रची थी। यह जानकारी डीआइजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने दी। इस दौरान ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर व अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

आठ साल से चल रहा था प्रेम-प्रसंग: पुलिस पूछताछ में गीता देवी और इरफान ने स्वीकार किया कि बीते आठ सालों से दोनों के बीच अवैध संबंध था। इसकी जानकारी लुंबा उरांव को हो गयी थी। वह इसका विरोध करता था। इसे लेकर लुंबा और इरफान के बीच झगड़ा भी हुआ था। डेढ़ साल से गीता देवी अपने पति को छोड़ प्रेमी इरफान के साथ रह रही थी। इतना ही नहीं, पति की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उसने घर में सीसीटीवी कैमरा लगा रखा था, जिसका एक्सेस वह और इरफान मोबाइल से देखते थे। शराब और अमूल कुल में मिलाया नशीला पदार्थ: दोनों ने लुंबा उरांव की हत्या की योजना बनायी। योजना के तहत 19 अगस्त को गीता देवी ने अपने देवर के मोबाइल से लुंबा उरांव को फोन कर कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय गेट पर बुलाया। अगले दिन यानी 20 अगस्त को इरफान उसे वहां से अपने साथ ले गया। रास्ते में पहले काफी शराब पिलाई और अमूल कुल पेय में नींद की गोलियां मिला कर पिला दी। नशा चढ़ने के बाद लुंबा अचेत हो गया। इसके बाद इरफान ने लुंबा को अपनी मारुति वैन में बैठाया और गला दबा कर उसकी हत्या कर दी।। शव को मौवनाजारा-सिमलबेड़ा रोड किनारे फेंक दिया था। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त मारुति वैन, एक बााइक, शराब की खाली बोतल, अमूल कुल के दो डब्बे, नींद की गोली का खाली पत्ता, दोनों अभियुक्तों के मोबाइल फोन सहित कई सामान जब्त किये हैं।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या:** एस.एण्ड.टी / बी.के.एन -25-26-15, **कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर मंडल के SSE/Sig/HMH & SSE/Sig/BKN सेक्शन में कार्यों टीटीआर, टीआरआर, टीडब्ल्यूएस एवं टीडब्ल्यूआर कार्यों के लिए एसएंडटी से संबंधित कार्य, **अनुमानित लागत मूल्य रू.:** 25921217.89, **Bid Security:** 279600.00, **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 15.09.25 को 15.00 बजे तक, **वेब साइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाऊनलोड किया जा सकता है:** www.ireps.gov.in

**1041-PS/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


### भादो अमावस्या आज, शनि मंदिरों में होगी विशेष पूजा

रांची: भादो अमावस्या शनिवार को है। शनिवार को अमावस्या मिलने से इसकी महत्ता और बढ़ गयी है। इस दिन शनि भगवान व मां काली की पूजा–अर्चना का विशेष महत्व है। इस दिन राजधानी के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जायेगी। शनिवार की सुबह 11 सात बजे तक अमावस्या है। इसी दिन स्नान दान व कुशोत्पाटिनी अमावस्या भी है।

# रांची नगर निगम ने जारी की 500 बड़े टैक्स बकाएदारों की लिस्ट

- नगर निगम क्षेत्र में दस लाख से अधिक बकाया वाले सात प्रतिष्ठान एवं संस्थान शामिल हैं

**संवाददाता**




**रांची:** रांची नगर निगम की ओर से पांच सौ बड़े बकाएदारों की सूची आम सूचना के जरिए जारी की गई है। बकाएदारों की सूची को निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। ये वो बकाएदार हैं, जिनपर होल्डिंग मद में अरसे से बकाया और बढ़ता जा रहा है।

निगम के प्रशासक सुशांत गौरव के निर्देश पर सूची जारी करने के बाद बकाया भुगतान के लिए दस दिन का समय दिया गया है। तय समय सीमा के अंदर भुगतान नहीं करने पर निगम की ओर से झारखंड नगरपालिका अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई और कठोर कदम उठाने को कहा गया है। रांची नगर निगम क्षेत्र में दस लाख से अधिक बकाया वाले सात प्रतिष्ठान एवं संस्थान शामिल हैं।

निगम का कर मद में सबसे ज्यादा बकाया सरकुलर रोड स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी पर है। संस्थान पर 16.54 लाख रुपये से अधिक का बकाया है। दूसरे नंबर पर सरस्वती विद्या मंदिर धुर्वा पर 14.89 लाख रुपये, आईएसएम पुंदाग कैंपस पर 12.05 लाख, हरीश मुंजाल के राज अस्पताल कैंपस, फिरायालाल पब्लिक स्कूल पर 11.35 लाख रुपये, डीएवी पब्लिक स्कूल क्षेत्रीय निदेशक के मार्फत संबंद्ध संस्थान पर 10.79 लाख, गोविंद प्रसाद भाला व रामअवतार भाला के मार्फत संबद्ध मेन रोड में हिन्दुस्तान बिल्डिंग पर 10.34 लाख, सुशील लोहिया कचहरी रोड पर 10.33 लाख, कोकर की इला रानी, कमल कुमार सिंह, प्रकाश यादव पर 9.84 लाख रुपये का बकाया है। निगम के अन्य बड़े बकाएदारों में पांच से दस लाख के बीच के 15 लोग शामिल हैं। वहीं, एक से पांच लाख रुपये तक का बकाया रखने वाले लोगों की संख्या 369 है। कर मद में 86 हजार से एक लाख रुपये तक के बकायादारों क संख्या 109 है।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम–राजू मुण्डा, उम्र करीब–27 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–04 फीट, 7 फीट पहनावा–गुलाबी टी–शर्ट, काला रंग का हाफ निकर एवं सफेद काला चेक गम्छा पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति राजु मुण्डा, पिता–शिवनाथ मुण्डा, सा0–डिमरा टोला सोरलोंगा पंचायत, कुन्दला, थाना–तमाड़, जिला–राँची जो दिनांक–10.08.2025 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस आए है। जिनकी मानसिक स्थिति ठिक नहीं है। जिसके संबंध में तमाड़ थाना सनहा संख्या–12/2025, दिनांक–16.08.2025 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, बुण्डु, राँची। –9431706144

थाना प्रभारी तमाड़, राँची। –9431706193

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 360172 (Police) 25-26 (D)

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## अमेरिका, भारत-रूस और तेल व्यापार

आज की दुनिया में ऊर्जा सिर्फ एक वस्तु नहीं है, बल्कि हर देश की आर्थिक रीढ़ और सामरिक शक्ति का आधार है। तेल और गैस वैश्विक राजनीति के सबसे अहम औजार बन चुके हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाए, लेकिन इसने रूस को रोकने के बजाय उसे नए बाजारों की ओर मोड़ दिया। भारत और चीन जैसे बड़े उपभोक्ता देशों के लिए यह एक अवसर बनकर आया। भारत, जो दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है, उसने रूस से रिकॉर्ड स्तर पर सस्ता कच्चा तेल खरीदना शुरू किया। आज यही बात अमेरिका को खटक रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25% से बढ़ाकर 50% तक अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, सिर्फ इसलिए कि भारत अपनी जनता और उद्योग को रूस से सस्ता तेल खरीदकर राहत दे रहा था। जबकि चीन, जो रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार है, उस पर अमेरिका ने अपेक्षाकृत नरमी बरती। यही नहीं, चीन के रिफाइनर रूस से पश्चिमी हिस्से का यूराल तेल खरीदकर और भी फायदा उठा रहे हैं। अगस्त 2025 के आँकड़ों के अनुसार, चीन ने लगभग 75,000 बैरल प्रतिदिन यूराल तेल खरीदा, जबकि उसका औसत पहले 40,000 बैरल था। दूसरी तरफ, भारत का आयात घटकर 4 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया, जबकि पहले यह 11.8 लाख बैरल प्रतिदिन था।

आज भारत के लिए रूस से तेल खरीदने के पीछे दो प्रमुख कारण हैं। पहला, कीमत। जब पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए, तो रूस ने तेल पर भारी छूट देनी शुरू की। 2022झ्र23 में रूस भारत को 20 लाख बैरल प्रतिदिन तक तेल बेच रहा था, और यह तेल मध्य पूर्व की तुलना में 20झ्र30 डॉलर प्रति बैरल सस्ता था। दूसरा कारण है ऊर्जा सुरक्षा। भारत की कुल ऊर्जा खपत का 85% हिस्सा आयात से आता है। ऐसे में सस्ती सप्लाई पाना भारत के लिए सिर्फ विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता थी। अगर अमेरिका यह कहता है कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर मुनाफा कमा रहा है, तो इसमें गलत क्या है? क्या अमेरिका की तेल कंपनियाँ केवल मानव सेवा के लिए काम करती हैं? क्या अमेरिकी शेल ऑयल इंडस्ट्री सिर्फ घाटे में चलाने के लिए बनाई गई है? बिल्कुल नहीं। दुनिया का हर देश और हर कंपनी मुनाफे के लिए ही काम करती है, फिर भारत के मुनाफे पर अमेरिका की आपत्ति क्यों? व्हाइट हाउस के सलाहकार पीटर नवारो ने भारत की तेल खरीद को कहा। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने तो यहाँ तक कह दिया कि भारत रूसी तेल खरीदकर सिर्फ अमीर भारतीय परिवारों को फायदा पहुँचा रहा है। उन्होंने दावा किया कि भारत ने 16 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त मुनाफा कमाया है। लेकिन अगर यही तर्क मान लिया जाए, तो अमेरिका की शेल गैस कंपनियाँ, तेल निर्यातक, हथियार निमार्ता और फार्मा कंपनियाँ भी तो मुनाफा ही कमा रही हैं। तो फिर भारत के मुनाफे पर इतनी तकलीफ क्यों? असलियत यह है कि अमेरिका दुनिया की ऊर्जा राजनीति पर अकेले अपना दबदबा बनाए रखना चाहता है। यहाँ यह भी समझना जरूरी है कि भारत की रूस पर निर्भरता कोई स्थायी नहीं है, बल्कि व्यावहारिक है। भारत 2021 तक रूस से अपनी जरूरत का केवल 1% से भी कम तेल खरीदता था। लेकिन पश्चिमी प्रतिबंधों के बाद रूस ने डिस्काउंट देना शुरू किया और भारत ने इसका फायदा उठाया। इससे भारतीय जनता को महंगे पेट्रोल-डीजल से कुछ राहत मिली और रिफाइनरी कंपनियों को भी प्रतिस्पर्धी बढ़त मिली। लेकिन जैसे ही अमेरिका ने दबाव बनाया और टैरिफ बढ़ाया, भारत की खरीद कम हो गई। परिणाम यह हुआ कि चीन ने यह अवसर तुरंत लपक लिया और रूस से ज्यादा तेल खरीदना शुरू कर दिया। क्या अमेरिका को इस पर आपत्ति है? नहीं। क्यों? क्योंकि चीन से टकराने की अमेरिका की हिम्मत नहीं है। अमेरिका की नीति का एक और पहलू यह है कि वह भारत पर दबाव डालकर अपने तेल को बेचने का रास्ता साफ करना चाहता है। आंकड़े बताते हैं कि 2025 की पहली छमाही में भारत का अमेरिका से तेल आयात 51% बढ़कर 2.71 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुँच गया था, सबसे बड़ी बात यह है कि यह वृद्धि 2024 की पहली छमाही में 1.8 लाख बैरल प्रति दिन की तुलना में काफी अधिक है, फिर भी उसका मन नहीं भर रहा है। यानी, अमेरिका चाहता है कि भारत किसी भी सूरत में रूस से तेल न खरीदे और मजबूरी में उससे खरीदे। यह एक प्रकार का आर्थिक ब्लैकमेल है। भारत को सस्ते विकल्प छोड़कर महंगे विकल्प अपनाने के लिए मजबूर करना किसी भी तरह न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। भारत सरकार ने अमेरिका की इस नीति का विरोध भी किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत की तेल खरीद जरूरत के हिसाब से है, और पश्चिमी देश खुद भी रूस से कुछ व्यापार जारी रखे हुए हैं। यानी, जो काम अमेरिका और यूरोप खुद करें तो सही, लेकिन भारत करे तो गुनाह। भारत ने साफ कर दिया है कि वह अपनी जनता को सस्ता ऊर्जा स्रोत देने के लिए हर संभव कदम उठाएगा। यही भारत का अधिकार है और यही किसी भी संप्रभु राष्ट्र की स्वतंत्रता का हिस्सा है। आज जिस तरह के आंकड़े सामने आ रहे हैं, उससे पता चलता है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और अन्य निजी कंपनियाँ भी रूस से तेल खरीदकर अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम उत्पाद बेच रही हैं। इससे भारत को विदेशी मुद्रा आय हुई है। अगर चीन यही काम करे तो उसे ह्वव्यापारिक चतुराईह्व कहा जाता है, लेकिन भारत करे तो उसे ह्वखतरनाकह्व कहा जाता है। यह भेदभाव अब दुनिया की नजर से छिपा नहीं है। वस्?तुतः अमेरिका यह चाहता है कि ऊर्जा संसाधनों का उपयोग उसकी विदेश नीति के औजार के रूप में हो। रूस को कमजोर करना, चीन को नियंत्रित करना और भारत को अपने खेमे में बनाए रखना, यह उसकी रणनीति है। लेकिन नया विश्व, जिसे हम कहते हैं, अब इस दबाव को स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है। भारत, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका जैसे देश अब बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। इन देशों की आवाज अब संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे मंचों पर गूंज रही है। तेल पर प्रतिबंध लगाना या टैरिफ के माध्यम से दबाव बनाना वास्तव में विकासशील देशों को पीछे धकेलना है। ऊर्जा के बिना विकास असंभव है। यदि भारत को सस्ता तेल रूस से मिलता है, तो इससे उद्योग को राहत मिलेगी, महंगाई नियंत्रित होगी और विकास तेज होगा। अमेरिका का यह कहना कि भारत मुनाफा कमा रहा है, दरअसल उसकी अपनी खीझ का परिणाम कहा जा सकता है। अमेरिका को आज यह स्वीकार करना होगा कि हर देश अपने हित में काम करता है। भारत का रूस से तेल खरीदना न तो अनुचित है और न ही गैरकानूनी। यह पूरी तरह व्यावहारिक और आवश्यक कदम है। इसलिए अमेरिका को भारत की तेल खरीद पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

# ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया, ऑस्ट्रेलिया जैसे प्रयोग की भी जरूरत

> विधेयक में स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि इस कदम का उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं और कमजोर वर्गों को डिजिटल व्यसन के दुष्प्रभावों से बचाना है। भारत में एक तरह से देखा जाए तो ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पिछले एक दशक में अप्रत्याशित रफ्तार से बढ़ी है।

**डॉ. निवेदिता शर्मा**

लोकसभा में जब इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 प्रस्तुत किया तब इस दिशा में यह भी स्?पष्?ट हो गया कि यह केवल एक विधायी औपचारिकता नहीं थी, डिजिटल युग की नई चुनौतियों के प्रति सरकार के दृष्टिकोण में आए बदलाव का इसे आप पुख?ता प्रमाण मान सकते हैं। इस विधेयक में रियल मनी गेमिंग और उसके विज्ञापनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, उल्लंघन करने वालों के लिए जेल और जुमार्ने जैसी कठोर सजा का प्रावधान करने और साथ ही ई-स्पोर्ट्स, शैक्षणिक तथा सामाजिक खेलों को बढ़ावा देने का प्रावधान करता है। विधेयक में स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि इस कदम का उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं और कमजोर वर्गों को डिजिटल व्यसन के दुष्प्रभावों से बचाना है। भारत में एक तरह से देखा जाए तो ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पिछले एक दशक में अप्रत्याशित रफ्तार से बढ़ी है। आज इसका आकार 32,000 करोड़ रुपये तक पहुँच चुका है और अनुमान था कि 2029 तक यह उद्योग 80,000 करोड़ रुपये के स्तर को छू लेगा। लेकिन इस वृद्धि की असल नींव रियल मनी गेमिंग यानी पैसों के लालच और जुए जैसे खेलों पर आधारित रही। आँकड़े बताते हैं कि इंडस्ट्री का 86 प्रतिशत राजस्व इन्हीं खेलों से आता रहा है। यह वही खेल हैं, जिनमें किशोर और युवा अपनी मेहनत की कमाई, यहाँ तक कि उधार लिए पैसे भी गँवाते रहे। परिवार टूटे, सामाजिक रिश्ते बिगड़े, अवसाद और आत्महत्या के मामले बढ़े। अब तक हजार से कई अधिक की संख?या में लोग गेम के चक?कर में मौत को गले लगा चुके हैं। ऐसे में स्?वभाविक है कि देश भर में सरकार का यह कदम ऐसे हालात में न केवल उचित है बल्कि यह समय की माँग भी है। लेकिन इसके साथ ही जिम्?मेदारीपूर्ण यह मांग भी उठना स्?वभाविक है कि यदि सरकार डिजिटल व्यसन की इस समस्या को ऑनलाइन गेमिंग के संदर्भ में गंभीरता से देख सकती है तो क्या वही तर्क सोशल मीडिया पर लागू नहीं होना चाहिए? इससे जुड़े तथ?य दुनिया के सामने आज मौजूद है, फिर अनुभव भी यही बताता है कि सोशल मीडिया का असर कहीं अधिक व्यापक और कहीं अधिक गहरा है। यह न केवल आर्थिक नुकसान का कारण बनता है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक ताने-बाने और लोकतांत्रिक विमर्श के लिए भी गंभीर खतरा है। ऑस्ट्रेलिया का हालिया निर्णय इस संदर्भ में बेहद प्रासंगिक है। वहाँ संघीय सरकार ने ऐलान किया है कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक, यूट्यूब, स्नैपचैट, रेडिट और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म्स पर किसी भी रूप में सक्रिय रहने की अनुमति नहीं होगी। यह कानून आने वाले चार महीनों में लागू होगा और सोशल मीडिया कंपनियों को 10 दिसंबर तक सभी नाबालिग खातों को हटाना होगा। केवल इतना ही नहीं, इन कंपनियों को आयु सत्यापन की ऐसी प्रणाली लागू करनी होगी जिससे भविष्य में नाबालिग नए खाते न बना सकें। यह प्रतिबंध इतना कठोर है कि माता-पिता की अनुमति से भी बच्चों को इन प्लेटफॉर्म्स तक पहुँचने की छूट नहीं दी जाएगी। ऑस्ट्रेलिया में यह निर्णय एकाएक नहीं लिया गया है, सोशल मीडिया ने बच्चों और किशोरों को जिस तरह की लत में जकड़ा है, उसने मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं को कहीं अधिक बढ़ा दिया है। आत्महत्या के मामलों में वृद्धि, अवसाद और चिंता जैसी बीमारियों का फैलाव और नींद के गंभीर संकट अब विश्व स्तर पर दर्ज किए जा रहे हैं। स्वभाविक है ऑस्ट्रेलिया में यही सब कुछ बड़े स्तर पर देखा गया, जिसके बाद ऑस्ट्रेलियाई सरकार इस निष्?कर्ष पर पहुंची कि बच्चों को वास्तविक जीवन और डिजिटल जीवन के बीच संतुलन बनाना सिखाना होगा और इसके लिए कठोर कानून ही कारगर उपाय है।भारत के संदर्भ में स्थिति और भी गंभीर है। यहाँ युवाओं की संख्या सबसे अधिक है और इंटरनेट तक पहुँच अब गाँव-गाँव तक हो चुकी है। रिपोर्टों के अनुसार, भारतीय किशोर प्रतिदिन औसतन चार से पाँच घंटे सोशल मीडिया पर बिताते हैं। यह समय उनके अध्ययन, परिवार के साथ बिताए जाने वाले पलों और वास्तविक सामाजिक संबंधों से छीन लिया जाता है। जिस दौर में शिक्षा और कौशल विकास पर अधिक ध्यान देना चाहिए, उसी समय उनका मन टिकटॉक, इंस्टाग्राम रील्स और यूट्यूब शॉर्ट्स जैसी सतही चीजों में उलझा रहता है। सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव केवल समय की बबार्दी तक सीमित नहीं हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अनेक मानसिक स्वास्थ्य अध्ययनों ने स्पष्ट किया है कि इन प्लेटफॉर्म्स का अत्यधिक प्रयोग अवसाद, चिंता और नींद की कमी का कारण बन रहा है। किशोरावस्था में यह मानसिक असंतुलन और भी खतरनाक रूप ले लेता है। भारत जैसे देश में, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी है, वहाँ यह समस्या एक राष्ट्रीय संकट से किसी भी स्तर पर कम नहीं मानना चाहिए। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया बच्चों के लिए आर्थिक शोषण का कारण भी बन रहा है। ₹इन-ऐप परचेज₹ और ₹वर्चुअल गिफ्टिंग₹ जैसी व्यवस्थाओं ने नाबालिगों को पैसे खर्च करने की आदत डाल दी है। कई बार यह खर्च उनकी आर्थिक क्षमता से कहीं अधिक होता है, जिससे परिवारों पर बोझ पड़ता है। सांस्कृतिक दृष्टि से भी यह प्रवृत्ति चिंताजनक है। हिंसा, अश्लीलता और असंस्कारी कंटेंट ने किशोरों के मन-मस्तिष्क को गहराई से प्रभावित किया है और पारंपरिक भारतीय मूल्यों से उन्हें दूर कर दिया है। यदि भारत ने ऑनलाइन गेमिंग पर सख्ती दिखाते हुए रियल मनी गेमिंग को पूरी तरह प्रतिबंधित किया है तो अब समय है कि वही दृष्टिकोण सोशल मीडिया पर भी अपनाया जाए। इसके लिए सरकार को सबसे पहले आयु-आधारित प्रतिबंध लागू करना चाहिए। 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक लगाई जाए और 16 से 18 वर्ष तक के किशोरों के लिए प्रतिदिन अधिकतम एक घंटे की सीमा तय की जाए। कंपनियों पर यह जिम्मेदारी डाली जाए कि वे आयु सत्यापन और स्क्रीन टाइम नियंत्रण सुनिश्चित करें। साथ ही, हानिकारक सामग्री के प्रसार पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। एल्गोरिद्म आधारित डोपामीन ट्रैप यानी बार-बार दिखाए जाने वाले शॉर्ट वीडियो, रील्स और ट्रेंड्स को सीमित किया जाना चाहिए क्योंकि ये युवाओं को लगातार स्क्रीन से चिपकाए रखते हैं। इस दिशा में यूरोप और अमेरिका में भी बहस चल रही है, लेकिन भारत को ऑस्ट्रेलिया की तरह ठोस कदम उठाने होंगे। शिक्षा और जागरूकता का पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। स्कूलों में डिजिटल साक्षरता और सोशल मीडिया व्यसन पर अध्याय जोड़े जाने चाहिए ताकि बच्चों को छोटी उम्र से ही इन खतरों की समझ हो। साथ ही युवाओं को विकल्प उपलब्ध कराना भी जरूरी है। कला, खेल, संगीत, हस्तशिल्प और सामुदायिक गतिविधियाँ इसका अच?छा विकल्प हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा सुरक्षित भारतीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को प्रोत्साहित करना चाहिए जो ज्ञान, संवाद और रचनात्मकता पर आधारित हों। यदि भारत समय रहते इस दिशा में कदम उठाता है तो इसके दूरगामी लाभ होंगे।

# भारत ने बदल दिया वैश्विक शक्ति समीकरण

> भारत के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ जब ट्रंप प्रशासन ने भारत को जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेज (जीएसपी) से बाहर कर दिया और एकतरफा 50% टैरिफ लगा दिया। यह कदम न केवल अनुचित है बल्कि इससे यह भी स्पष्ट होता है कि अमेरिका अपनी व्यापार नीति में अब सहयोग नहीं, दबाव को प्राथमिकता दे रहा है।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

दुनिया के शक्ति समीकरण अब तेजी से बदलते जा रहे हैं। जहां एक ओर अमेरिका दशकों से अपने वैश्विक प्रभुत्व के बल पर खुद को नीति निर्धारण का एकमात्र केंद्र समझता रहा है, वहीं दूसरी ओर अब भारत जैसे देश बिना टकराव के इस वर्चस्व को चुनौती दे रहे हैं। खासतौर से ब्रिक्स के मंच पर भारत की जो नई रणनीति सामने आई है, उसने न केवल अमेरिका की चिंता बढ़ा दी है, बल्कि उसे अपने कई फैसलों पर खुलकर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर भी कर दिया है। इससे साफ समझ आता है कि भारत अब केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं है, बल्कि वह एक वैश्विक नीति निमार्ता के रूप में भी अपनी अहम भूमिका निभाता हुआ दिखता है। जिसमें स्वतंत्र विदेश नीति, वित्तीय संप्रभुता और बहुपक्षीय साझेदारी है।

एक नजर देखा जाए तो अमेरिका ने बीते वर्षों में बार-बार यह प्रदर्शित करता रहा है कि वह केवल अपने हितों की पूर्ति के लिए गठबंधन बनाता है और जैसे ही कोई देश उसके हितों से अलग राह पकड़ता है, तो वह आर्थिक दबाव, प्रतिबंध या कूटनीतिक अलगाव का रास्ता अपनाता है। भारत के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ जब ट्रंप प्रशासन ने भारत को जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेज (जीएसपी) से बाहर कर दिया और एकतरफा 50% टैरिफ लगा दिया। यह कदम न केवल अनुचित है बल्कि इससे यह भी स्पष्ट होता है कि अमेरिका अपनी व्यापार नीति में अब सहयोग नहीं, दबाव को प्राथमिकता दे रहा है। भारत ने इस चुनौती को स्वीकार किया और प्रतिक्रिया में जो रणनीति अपनाई, वह आज वैश्विक चर्चा का विषय बन चुकी है। भारत ने न केवल अमेरिका को आर्थिक स्तर पर बल्?कि आज कहना होगा कि कूटनीतिक स्तर पर भी जवाब दे दिया है, जिसमें स्?पष्?ट कहा गया है कि वह किसी भी दबाव में नहीं आएगा, उसके लिए अपने देशवासियों का हित सर्वोपरि है। भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदना जारी रखा है। भारत ने बार-बार यह रेखांकित किया कि ऊर्जा सुरक्षा उसके लिए प्राथमिकता है और वह किसी के कहने पर अपनी आवश्यकताओं से समझौता नहीं करेगा। यही नहीं, भारत ने वोस्ट्रो अकाउंट की नीति को बढ़ावा देकर स्थानीय मुद्राओं में व्यापार का जो मार्ग खोला है, उसे आप डॉलर की वैश्विक पकड़ को चुनौती देने की दिशा में एक गंभीर और व्यावहारिक कदम कह सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी बैंकों को वोस्ट्रो खाता खोलने की अनुमति देना, जहां भारतीय रुपये में व्यापार संभव होता है, यह संकेत है कि भारत अब डॉलर पर निर्भरता से मुक्त होने की प्रक्रिया में गंभीरता से जुट गया है। यहां समझ लें कि वोस्ट्रो खाता एक प्रकार का बैंक खाता है जो एक घरेलू बैंक द्वारा किसी विदेशी बैंक की ओर से स्थानीय मुद्रा में रखा जाता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी अमेरिकी बैंक का भारतीय बैंक में वोस्ट्रो खाता है, तो इसका मतलब है कि भारतीय बैंक अमेरिकी बैंक की ओर से रुपये रखता है। वस्?तुतः यह नीतिगत बदलाव अकेले भारत के लिए नहीं, बल्कि उन सभी विकासशील देशों के लिए प्रेरणा है जो अमेरिका और पश्चिमी वित्तीय संस्थानों की शर्तों पर मजबूरी में व्यापार करते आए हैं। जब भारत ने रूस, श्रीलंका और यूएई के साथ स्थानीय मुद्राओं में व्यापार प्रारंभ किया तो अमेरिका को इस बात का एहसास हुआ कि भारत अब केवल व्यापार नहीं, बल्कि नई आर्थिक सोच का नेतृत्व कर रहा है। 2024 में ब्रिक्स का विस्तार हुआ और नए सदस्य देश इस मंच से जुड़े। ईरान, अर्जेंटीना, मिस्र, यूएई जैसे देशों का ब्रिक्स में शामिल होना यह बताता है कि अब यह संगठन केवल पांच देशों का आर्थिक समूह नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक दक्षिण की राजनीतिक आकांक्षाओं का प्रतिनिधि बन चुका है। भारत, ब्रिक्स का सह-संस्थापक होने के नाते इसमें केंद्रीय भूमिका निभा रहा है। नई वैश्विक वित्तीय प्रणाली, ब्रिक्स पे (इफ्र्क्र ढंट), साझा डिजिटल मुद्रा और ऊर्जा सुरक्षा जैसे विषयों पर भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट, व्यावहारिक और सहयोगात्मक रहा है। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत ब्रिक्स के मंच का उपयोग अमेरिका विरोधी मुहिम चलाने के लिए नहीं कर रहा, बल्कि वह इसे एक सकारात्मक विकल्प के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। यह भारत की परिपक्वता है कि वह टकराव की भाषा की बजाय संवाद और समावेशिता के माध्यम से अमेरिका को यह समझा रहा है कि अब विश्व व्यवस्था एकध्रुवीय नहीं, बल्कि बहुध्रुवीय हो चुकी है। ब्रिक्स की नई मुद्रा, स्थानीय भुगतान प्रणाली और वैश्विक वित्तीय संस्थाओं के विकल्प के निर्माण की दिशा में भारत का योगदान इस बदलाव का गवाह है। यही कारण कि आज अमेरिका के कई अधिकारी सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार चुके हैं कि भारत के साथ अब रिश्तों को नई दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि वह न तो किसी के खिलाफ है और न ही किसी के पक्ष में, वह केवल अपने राष्ट्रहित में खड़ा है। यही संदेश भारत ने ब्रिक्स मंच के माध्यम से भी दिया है। आज जब ब्रिक्स वैश्विक अर्थव्यवस्था के 25 ट्रिलियन डॉलर और लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है, तो उसकी नीति और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से भारत 1980 के दशक से बहुत ज्यादा पीड़ित है। पाकिस्तान के इस छद्म युद्ध की वजह से 1999 में कारगिल में पूर्ण युद्ध की नौबत आ चुकी है और पहलगाम हमले के जवाब में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी युद्ध जैसी ही स्थिति पैदा हो गई। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत 6 और 7 मई, 2025 की दरमियानी रात की। उसकी अगली ही रात से लगातार तीन दिनों तक पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन और मिसाइलों से हमले शुरू कर दिए। रिहायशी इलाकों और धर्म स्थलों को चुन-चुन कर निशाना बनाने की कोशिशें कीं। लेकिन, इन चारों दिनों में भारत ने जिस तरह से पाकिस्तान और उसकी जमीन पर पल और बढ़ रहे आतंकी संगठनों को संतुलित और समुचित सजा दी है, उसे पाकिस्तान की सरकार, पाकिस्तानी फौज, आतंकी संगठनों के लिए भुला पाना आसान नहीं होगा। यही नहीं, इन दिनों में भारतीय सशस्त्र सेना ने जिस शौर्य और धैर्य का परिचय दिया है; और भारत सरकार ने जो कूटनीतिक सूझ-बूझ और दूरदर्शिता दिखाई है, उससे पूरे विश्व को यह संदेश गया कि नया भारत न सिर्फ सक्षम है, बल्कि उसकी एकता और अखंडता की जड़ें इतनी मजबूत हैं कि उसकी संप्रुभता की ओर आंख उठाकर देखना भी तबाही का मंजर ला सकता है। भारतीय रणनीति पर सभी की नजरें हैं। भारत इस मंच पर स्थिरता, विकास और सहयोग का संदेश लेकर उपस्थित है, जो अमेरिका जैसी एकतरफा नीतियों से भिन्न है। भारत की रणनीति केवल अर्थनीति या विदेश नीति तक सीमित नहीं है, बल्कि वह भू-राजनीतिक दृष्टिकोण को भी नई दिशा दे रही है। अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और दक्षिण एशिया में भारत की बढ़ती कूटनीतिक और निवेश उपस्थिति ने उसे वैश्विक दक्षिण का एक नैतिक नेता बना दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक मंचों पर सक्रियता, विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कूटनीतिक स्पष्टता और वैश्विक मंचों पर भारत के दृष्टिकोण की आत्मनिर्भरता, यह सब दशार्ता है कि भारत अब किसी का पिछलग्गू नहीं रहा। यह भारत की कूटनीतिक परिपक्वता है कि वह अमेरिका, रूस, चीन और यूरोप सभी के साथ अपने हितों के अनुसार संतुलन बना रहा है। अमेरिका को यह समझना होगा कि भारत अब नीतियों का क्रियान्वयन करने वाला देश नहीं, बल्कि नीति निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने वाला देश बन चुका है। यदि अमेरिका भारत के साथ दीर्घकालिक साझेदारी चाहता है, तो उसे परस्पर सम्मान, समानता और सहयोग के सिद्धांतों पर आधारित नई रणनीति तैयार करनी होगी। भारत को बार-बार परखना, दबाव बनाना और प्रतिबंधों की धमकी देना अब काम नहीं करेगा। भारत अब उस स्थिति में है, जहां वह अपनी शर्तों पर वैश्विक निर्णयों का भागीदार बन रहा है।

# 26 अगस्त को मनाई जायेगी हरतालिका तीज

हरतालिका तीज की महिमा को अपरंपार माना गया है। हिन्दू धर्म में विशेषकर सुहागिन महिलाओं के लिए इस पर्व का महात्म्य बहुत ज्यादा है। हरतालिका तीज व्रत हिंदू धर्म में मनाये जाने वाला एक प्रमुख व्रत है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर-जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डॉ अनीष व्यास ने बताया कि भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की तृतीया 26 अगस्त को हरतालिका तीज मनाई जाती है। भारत में हरियाली तीज और कजरी तीज के बाद अब हरतालिका तीज का त्योहार मनाया जाएगा। यह व्रत भी अन्य दोनों व्रत के समान ही महत्व रखता है। भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज का व्रत किया जाता है। हरतालिका तीज व्रत एक कठिन व्रत माना जाता है। इसमें महिलाएं निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी उम्र के लिए कामना करती हैं। दरअसल भाद्रपद की शुक्ल तृतीया को हस्त नक्षत्र में भगवान शिव और माता पार्वती के पूजन का विशेष महत्व है। हरतालिका तीज व्रत कुमारी और सौभाग्यवती स्त्रियां करती हैं। हरतालिका तीज व्रत निराहार और निर्जला किया जाता है। मान्यता है कि इस व्रत को सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शंकर को पति के रूप में पाने के लिए किया था। हरतालिका तीज व्रत करने से महिलाओं को सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

ज्योतिषाचार्य डॉ अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज व्रत रखा जाता है। शास्त्रों के अनुसार हरतालिका तीज को सबसे बड़ी तीज माना जाता है। हरतालिका तीज से पहले हरियाली और कजरी तीज मनाई जाती हैं। हरतालिका तीज में भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा की जाती है। हरियाली तीज और कजरी तीज की तरह ही हरतालिका तीज के दिन भी गौरी-शंकर की पूजा की जाती है। हरतालिका तीज का व्रत बेहद कठिन है। इस दिन महिलाएं 24 घंटे से भी अधिक समय तक निर्जला व्रत करती हैं। यही नहीं रात के समय महिलाएं जागरण करती हैं और अगले दिन सुबह विधिवत्त पूजा-पाठ करने के बाद ही व्रत खोलती हैं। मान्यता है कि हरतालिका तीज का व्रत करने से सुहागिन महिला के पति की उम्र लंबी होती है जबकि कुंवारी लड़कियों को मनचाहा वर मिलता है। यह त्योहार मुख्य रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में मनाया जाता है। कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में इस व्रत को ₹गौरी हब्बा₹ के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि इस व्रत को रखने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला और निराहार व्रत रखकर पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। हरतालिका तीज व्रत को सुहागिनों के अलावा कुंवारी कन्याएं रखती हैं। मान्यता है कि इस व्रत के पुण्य प्रभाव से कुंवारी कन्याओं को मनचाहा वर मिलता है।

## टिप्स

### पेट से जुड़ी कई समस्याओं का इलाज है इसबगोल की भूसी

पेट की समस्या कई रोगों को जन्म देती है। अगर रोजाना किसी का पेट साफ नहीं होता है या फिर खाना खाते ही दस्त आने लगते हैं। तो यह दोनों ही स्थिति मेडिकल कंडीशन में साफ नहीं मानी जाती हैं। इन समस्याओं में इसबगोल की भूसी का इस्तेमाल फायदेमंद हो सकता है। बहुत सारे लोगों को लगता है कि इसबगोल का इस्तेमाल सिर्फ कब्ज की समस्या को दूर करने के लिए किया जाता है। जबकि ऐसा नहीं है, यह आयुर्वेदिक औषधि का अलग-अलग तरीके से सेवन करने से दस्त, डायरिया और कब्ज की समस्या से भी छुटकारा दिलाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इसबगोल की भूसी खाने के अलग-अलग तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**जानिए क्या है इसबगोल** : इसबगोल की सीलियम हस्क के नाम से भी जानते हैं। आयुर्वेदमें इसबगोल को ऑयली माना जाता है, जोकि वात और पित्त के बैलेंस को ठीक करता है। इसबगोल की भूसी खाने से पेट से जुड़ी कई बीमारियों से आपको राहत मिलती है। इसबगोल को खाने के दो तरीके बताए गए हैं, जोकि कब्ज के अलावा डायरिया की समस्या को खत्म करेंगे।

**दस्त होने पर ऐसे खाएं इसबगोल** : जिन लोगों को बार-बार दस्त की समस्या होती है, उनको इसबगोल की भूसी को दही के साथ मिलाकर खाना चाहिए। ऐसा करने से लूज मोशन यानी की दस्त की समस्या दूर होगी।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज IN ब्रीफ

### खुदरा उत्पाद दुकानों की बन्दोबस्ती संपन्न

**दुमका :** समाहरणाला के सभागार कक्ष में शुक्रवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में दुमका जिला के कुल-70 खुदरा उत्पाद दुकानों की बन्दोबस्ती कुल 23 समूहों में ई-लॉटरी के माध्यम से ऑनलाईन विधि द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष-2025-26 की शेष अवधि के लिए सम्पन्न कराई गई।इसके लिए कुल 135 आवेदन प्राप्त हुए थे। इस दौरान मौके पर अपर समाहर्ता, उत्पाद अधीक्षक, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी व कर्मी उपस्थिति थे।

### सम्पूरक एवं समुन्नत माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा आज से शुरू

**दुमका :** सम्पूरक एवं समुन्नत माध्यमिक परीक्षा-2025 (दिनांक-23.08.2025 से 29.08.2025 तक) तथा सम्पूरक एवं समुन्नत इंटरमिडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा 2025. (दिनांक-23.08.2025 से 01.08.2025 तक) प्रथम पाली पूर्वा० 09.45 बजे से अप० 01.00 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अप० 02.00 बजे से अप० 05.15 बजे तक दुमका अनुमंडल के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर संचालित की जायेगी।

सम्पूरक एवं समुन्नत माध्यमिक परीक्षा 2025 तथा सम्पूरक एवं समुन्नत इंटरमिडिएट (कला,विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा 2025 का दुमका जिला अन्तर्गत निम्न परीक्षा केन्द्रों में संचालित की सम्पूरक एवं समुन्नत माध्यमिक परीक्षा 2025-(शास्त्री स्मारक माध्यमिक विधालय, खुटाबांध, दुमका)प्रथम पाली पूर्वा० 09.45 बजे से अप० 01.00 बजे तक द्वितीय पाली अप० 02.00 बजे से अप० 05.15 बजे तक

सम्पूरक एवं समुन्नत इंटरमिडिएट (कला विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा 2025-(राजकीय उच्च विधालय, कड़हरबील) प्रथम पाली पूर्वा० 09.45 बजे से अप० 01.00 बजे तक।सम्पूरक एवं समुन्नत इंटरमिडिएट (कला विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा 2025-(ए०एन० इंटर महाविधालय, दुमका) द्वितीय पाली अप० 02.00 बजे से अप० 05.15 बजे तक।

अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि उपरोक्त सभी परीक्षा केन्द्रों में कदाचार मुक्त शातिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संचालन हेतु विधि व्यवस्था बनाये रखना आवश्यक है। परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्रों के अगल-बगल अनावश्यक भीड, मटरगश्ती, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग एवं अनाधिकृत रूप से हथियार लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी प्रकार का वस्तु का उपयोग करने आदि पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए धारा 163 भा०ना०सु०सं० के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए उपरोक्त सभी परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र के अन्दर परीक्षा अवधि में निषेधाज्ञा जारी रहेगा तथा अनावश्यक भीड, अवैद्य रुप से मटरगश्ती करना, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग एवं अनाधिकृत रूप से हथियार लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी प्रकार की वस्तु का उपयोग करने आदि को प्रतिबंधित किया जाता है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम-2001 के अन्तर्गत उनके विरूद्ध तुरंत कार्रवाई की जायेगी।यह आदेश दिनांक-23. 08.2025 से 01.09.2025 तक परीक्षा अवधि में लागू रहेगा।

### सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय द्वारा पी.जी. सेमेस्टर-4 परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-25 के अंतर्गत संचालित पी.जी. सेमेस्टर-4 परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, कला संकाय के अंतर्गत कुल 2432 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 92.15 प्रतिशत विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं। विज्ञान संकाय में कुल 878 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 88.27 प्रतिशत को सफलता प्राप्त हुई है। वहीं, वाणिज्य संकाय के 115 परीक्षार्थियों में से 80 प्रतिशत विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर लिया गया था, और परिणाम को पारदर्शिता के साथ प्रकाशित किया गया है।

### खुदरा उत्पाद दुकानों की बन्दोबस्ती सम्पन्न

**देवघर :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में देवघर जिला की कुल-71 खुदरा उत्पाद दुकानों की बन्दोबस्ती कुल 28 समूहों में ई-लॉटरी के माध्यम से ऑनलाईन विधि द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष-2025-26 की शेष अवधि के लिए सम्पन्न कराई गई। इस दौरान मौके पर अपर समाहर्ता, उत्पाद अधीक्षक, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी व कर्मी उपस्थिति थे।

### दस दिनों तक जिला वासी सभागार में कर सकेंगे श्रद्धांजलि अर्पित चित्रों के माध्यम से जानेंगे शिबू सोरेन का जीवन दर्शन



**साहिबगंज :** जिला मुख्यालय स्थित परिसदन भवन के सभागार में आज उपायुक्त- सह- जिला दंडाधिकारी श्री हेमंत सती ने झारखंड आंदोलन के प्रणेता, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु दिवंगत शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान सभागार की दीवारों पर दिशोम गुरु दिवंगत शिबू सोरेन के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण चित्रों और उनके संघर्षों को दशार्ने वाले चित्रार्थ को निखारा गया, जिसे देखकर उपस्थित लोग भावुक हो उठे।उपायुक्त हेमंत सती ने इस अवसर पर बताया कि परिसदन सभागार का नामकरण अब दिशोम गुरु दिवंगत शिबू सोरेन के नाम पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दस दिनों तक सभागार जिला वासियों के लिए खुला रहेगा, ताकि वे यहां आकर श्रद्धांजलि अर्पित कर सकें और चित्रों के माध्यम से दिशोम गुरु के जीवन दर्शन को आत्मसात कर सकें।कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा एवं प्रोफेसर सुबोध कुमार झा ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि दिशोम गुरु का जीवन संघर्ष और जनसेवा का प्रतीक है।यह आयोजन जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धा और कृतज्ञता के साथ किया गया, जिससे आने वाली पीढ़ियाँ दिशोम गुरु शिबू सोरेन के योगदानों से प्रेरणा प्राप्त कर सकें।

# जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र अवकाश के दिनों को छोड़ कर शतप्रतिशत खुले अन्यथा होगी कार्रवाइ : उपायुक्त

संवाददाता

**देवघर :** जिले के उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में समाज कल्याण विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए पोषण ट्रैकर के माध्यम से जिला, प्रखण्ड व पंचायत स्तर पर की जा रही गतिविधियों एवं अपलोड किये जा रहे आंकड़ों की समीक्षा करते हुए सभी आंकड़ों का समय-समय पर क्रॉस वेरिफिकेशन कराने का निदेश संबंधित अधिकारी को दिया।



इसके अलावा उपायुक्त श्री लकड़ा ने जिले में सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति के अलावा पीने का पानी, शौचालय, वर्षा जल संचयन आदि से जुड़ी प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय को जल्द से जल्द समर्पित करने का निदेश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया। आगे समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, पोषाहार वितरण, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना, टीएचआर वितरण, बच्चों व महिलाओं को टीकाकरण के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के साथ-साथ सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षकों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए शत प्रतिशत कार्यों का पालन सुनिश्चित करें। साथ ही उपायुक्त ने जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों को ससमय खोलने एवं सेविका, सहिया द्वारा किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण व क्षेत्र भ्रमण सुनिश्चित करने को कहा है।

समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने समाज कल्याण से संचालित विभिन्न योजनाओं के शिथिलता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को बेहतर कार्यशैली के साथ जमीनी स्तर पर कार्य करने का निदेश दिया, ताकि महिलाओं एवं बच्चों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से मिल सके। साथ हीं समाज कल्याण द्वारा जिला, प्रखण्ड व पंचायत स्तर पर किये जाने वाले कार्यों पर रोष प्रकट करते उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त बेहतर प्रदर्शन न करने वाले अधिकारियों व कर्मियों का वेतन काटने और शो-कोज करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती रंजना, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, सभी महिला पर्यवेक्षक एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## दुनिया की सभी समस्याओं का समाधान आध्यात्मिक प्रेम प्यार से संभव है : गुरुदेव



संवाददाता

**साहिबगंज :** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में शहर के गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित सात दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया।शिविर में कुल 140 महिला पुरुषों ने रहकर संगीत कर्मकांड और भाषण संभाषण का प्रशिक्षण प्राप्त किया समापन समारोह की शुरूआत सामूहिक डफली वादन के साथ किया गया।शांतिकुंज से पहुंचे टोली नायक संतोष संगम ने गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के संकल्पों को दोहराया। उन्होंने बताया कि गुरुदेव का मानना है कि दुनिया की सभी समस्याओं का समाधान आध्यात्मिक प्रेम प्यार से संभव है।भारतीय संस्कृति में निहित जीवन जीने की कला सीखकर मानव महामानव हो सकता है।गायत्री और यज्ञ के माध्यम से हम धरती पर स्वर्ग का अवतरण कर सकते हैं।उप जॉन समन्वयक श्याम नंदन सिंह ने प्रतिभागियों को अलग-अलग टोलियों में बांटकर उन्हें कर्तव्य बोध कराया।समारोह को महिला मंडल की करुणामई भारती तथा हरिहर मंडल शिविर संयोजक अभय कुमार ने भी संबोधित किया।समारोह के मौके पर पहुंचकर डॉक्टर वकील पोद्दार ने भी आशीर्वचन दिए। उन्होंने संत तुकाराम के कथन गंज का कोई हिमायती नहीं होता पर प्रकाश डाला।बताया कि मनुष्य अपने संकल्प शक्ति से अपनी प्रतिभा को निखार सकता है।समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।मौके पर सकरी गली की कंचन देवी मिर्जा चौकी की सुप्रिया बरनवाल बरहरवा के जगदीश भगत पतना के गंगा शर्मा तालझारी के राम प्रताप चौधरी बरहेट की ममता देवी बोरियो के नंदलाल सिंह बिना चौधरी बीना दास हिना देवी निभा देवी संगीता कुमारी सरिता पोद्दार सत्यदेव सिंह वीरेंद्र कुमार चौधरी आदि ने शिविर की सफलता को लेकर सहयोग किया।

### बबलू विश्वास ने प्रताप का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की - प्राथमिक दर्ज

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के श्रीघर कॉलोनी नंबर-3 में गुरुवार की सुबह एक महिला के साथ मारपीट छेड़खानी और गले से चेन छीनने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर पीड़िता पियंका विश्वास 29 ने राधानगर थाना में आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया है। कि सुबह करीब 7:10 बजे मोहल्ले में थ्रेसर मशीन से मकई को पृथक करने के दौरान उड़ रही धूल को लेकर जब उसने आपत्ति जताई तो पड़ोसी महानंदो बरोई, बंकिम विश्वास, तपोश विश्वास और बबलू विश्वास गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान विवाद बढ़ने पर बंकिम विश्वास ने उकसाया, जिसके बाद महानंदो बरोई ने महिला का बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया और छेड़खानी करने लगा। वहीं अन्य आरोपियों ने भी मिलकर पीड़िता की जमकर पिटाई कर दी। हंगामा सुनकर जब पति प्रताप कुमार विश्वास बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी बेरहमी से पीटा। आरोप है कि बबलू विश्वास ने प्रताप का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। इसी दौरान तपोश विश्वास ने महिला के गले से चांदी की चैन भी छीन ली। घटना के बाद सभी आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर पियारपुर गांव में गुरुवार को जमीन विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना में एक 75 वर्षीय महिला और उसका छोटा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है। मामले को लेकर पीड़िता हामिदन बेवा ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया है कि मौजा पियारपुर अंतर्गत उसके पति के नाम पर 12 कट्ठा जमीन है। इस जमीन को लेकर बड़े बेटे गुलाम रसुल का विवाद चल रहा है। पंचायत में यह निर्णय लिया गया था कि कानून जो जितना हिस्सा पाएगा, उसे दिया जाएगा, लेकिन गुलाम रसुल किसी को हिस्सा नहीं देना चाहता और मां को भी बेदखल करने की कोशिश कर रहा है। पीड़िता के अनुसार 21 अगस्त 2025 की दोपहर करीब 12:30 बजे गुलाम रसुल उसका बेटा लालु शेख और पत्नी नासनारा बीबी मिलकर नया मकान बनाने के लिए पुराने ईंट हटाने लगे।

## संथाल परगना में इमर्शन साइट विकास के लिए दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला दुमका में शुरू

दुमका : झारखंड राज्य आजीविका प्रोत्साहन सोसायटी द्वारा संथाल परगना क्षेत्र में इमर्शन साइट विकास के लिए दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को दुमका में हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य मॉडल सीएलएफ (टउछ्रऋ) विकसित करना और महिला स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण को नई दिशा देना है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) दुमका निशांत एक्का और डीपीएम गोड्डा सोमेश चंद्र ने किया। इस अवसर पर देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज, पाकुड़ और गोड्डा के प्रतिभागियों के साथ-साथ दुमका जिले के सीएलएफ बीओडी सदस्य, डीएम-एसएमआईबी, बीपीएम और सीएलएफ मैनेजर भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को मॉडल सीएलएफ निर्माण की रणनीति, इमर्शन साइट की अवधारणा, योजना एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही प्रबंधन क्षमता बढ़ाने, वित्तीय अनुशासन और महिला समूहों के सतत सशक्तिकरण पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण का संचालन क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक (आरपीएम) रूमां चटर्जी और श्री महेंद्र कुमार (प्रदान संस्था) द्वारा किया जा रहा है।

उद्घाटन अवसर पर डीपीएम दुमका निशांत एक्का ने कहा कि इमर्शन साइट विकास संथाल परगना क्षेत्र में महिला समूहों को मजबूत करने और सतत आजीविका के अवसर बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। वहीं डीपीएम गोड्डा सोमेश चंद्र ने कहा कि इस पहल से न केवल महिला समूहों की क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि क्षेत्रीय आजीविका मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिलेगी।

## फुटानीमोड,बेवापुल तक मुख्य सड़क के निर्माण को लेकर सीएम से मिली विधायक

संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़क के निर्माण को लेकर विधायक निसात आलम ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची स्थित उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर एक ज्ञापन सौपा है विधायक निसात आलम ने बताया कि के ला ा ब ा ा ड ़ ा ,द ि ग घ ा बरहरवा,रामनगर,सिरासिन,फुटानी मोड होते हुए बंगाल सीमा तक सड़क काफी जर्जर हो चुका है यहां पर लोगों की आवागमन में काफी परेशानी होती है इसलिए इसके निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सोपा है इस पर मुख्यमंत्री ने पत्र निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देकर आवश्यक पहल करने का भरोसा दिया ह.जानकारी के अनुसार यह सड़क काफी जर्जर हो चुका है क्योंकि इसके बगल में एनएचआई कि ओर नई सड़क का निर्माण किया जायेगा,जिसमें अभी काफी समय लगेगा लेकिन यह सड़क काफी पुराना है जो बरहरवा हाई स्कूल मोड होते हुए बंगाल सीमा की ओर जाता है। क्षेत्र के लोगों के लिए यह लाइफ लाइन है। जो काफी जर्जर हो चुका है इसलिये पथ निर्माण विभाग से इसका निर्माण कराया जाये पूरे मामले को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौपा है। मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर सड़क निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया है।

## हम बेहतर सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं, आप शिक्षा की स्थिति में सुधार करें : उपायुक्त

संवाददाता

**दुमका :** कन्वेंशन सेंटर, दुमका में शुक्रवार को आयोजित उच्च विद्यालय शिक्षकों की बैठक को संबोधित करते हुए जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने कहा कि जिला प्रशासन शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने हेतु हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों और शिक्षकों से आग्रह किया कि विद्यालय व्यवस्था की गुणवत्ता और अनुशासन बनाए रखना उनकी प्रथम जिम्मेदारी है।

बैठक की शुरूआत जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार एवं जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार हेंब्रम द्वारा आगत पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत से हुई। कार्यक्रम मेंउप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने विद्यालयवार शिक्षकों की समस्याओं को सुना तथा प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निदान का सुझाव दिया।इस अवसर पर शिक्षकों ने मॉडल प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने एवं



शिक्षक प्रतिनियोजन जैसी मांगें रखीं, जिस पर उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु दिशा-निर्देश दिए।

शिक्षा को आधुनिक बनाने की पहल के अंतर्गत उपायुक्त श्री सिन्हा ने शिक्षकों को जय गुरुजी ऐप एवं स्मार्ट क्लास के माध्यम से अध्यापन कार्य को और प्रभावी बनाने का सुझाव दिया।

बैठक में पीरामल फाउंडेशन की ओर से उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा शिक्षकों के बीच हर्ष जोहार पुस्तकों का वितरण भी किया गया।

मौके पर उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान, जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार, जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार हेंब्रम, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी श्यामसुंदर मोदक, सहायक अभियंता डॉली कुमारी, जोएल क्रिस्टोफर टुडू, दिलीप कुमार, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तथा पीरामल फाउंडेशन के बिमल कुमार और अभिक गांगुली समेत कई अधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद थे।



## लिन लैशराम ने पति रणदीप को खास अंदाज में दी जन्मदिन की बधाई

**अभिनेत्री** लिन लैशराम ने पति और अभिनेता रणदीप हुड्डा को खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए लिन ने छोटा मगर प्यारा कैप्शन भी दिया। दमदार अभिनय शैली के लिए मशहूर रणदीप ने मॉनसून वेडिंग, साहेब बीवी और गैंगस्टर, हाईवे, सरबजीत और स्वातंर्त्य वीर सावरकर जैसी फिल्मों से दर्शकों और समीक्षकों का दिल जीता है। उनके जन्मदिन के मौके पर उनकी पत्नी और अभिनेत्री लिन लैशराम ने बेहद खास और दिल छू लेने वाला अंदाज अपनाया। लिन लैशराम ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें रणदीप केक काटते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ लिन ने कैप्शन में लिखा, हैप्पी बर्थडे मेरी जान। रणदीप और लिन की जोड़ी बॉलीवुड की चर्चित जोड़ियों में से एक है। दोनों ने 29 नवंबर 2023 को इम्फाल, मणिपुर में पारंपरिक मेइतेई रीति-रिवाजों के साथ शादी की थी। इस शादी में रणदीप ने मणिपुरी संस्कृति को अपनाते हुए पारंपरिक पोशाक पहनी थी, जबकि लिन ने पोटलोई पहनकर अपनी सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया। रणदीप के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह न केवल अपनी शानदार एक्टिंग स्किल बल्कि किरदारों के लिए किए बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन के लिए भी जाने जाते हैं। रणदीप के इस पैशन ने उन्हें इंडस्ट्री में अलग पहचान दी है। विदेश में पढ़ाई करने के बाद रणदीप ने मॉडलिंग और थिएटर शुरू किया। साल 2001 में उन्हें बड़ा मौका मिला। मीरा नायर की 'मॉनसून वेडिंग' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। 'वन्स अपॉन अ टाइम इन मुंबई' (2010) ने उन्हें स्टार बना दिया। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और एक से बढ़कर एक शानदार फिल्मों में काम किया। नसीरुद्दीन शाह के मोटली थिएटर ग्रुप से रंगमंच पर उतरे। रणदीप स्वतंत्र वीर सावरकर, दो लफ्जों की कहानी, सरबजीत, जाट, हाईवे जैसी सफल फिल्मों का हिस्सा रहे हैं।



## 'कंचना 4' में नोरा फतेही की एंट्री

### बोलीं- 'तमिल डेब्यू के लिए परफेक्ट फिल्म'

**एक्ट्रेस** नोरा फतेही लोकप्रिय तमिल हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'कंचना' के चौथे भाग 'कंचना 4' के साथ तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। इस मोस्टअवेटेड फिल्म में नोरा मुख्य भूमिका निभाएंगी। नोरा ने 'कंचना 4' चुनने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा, जब मुझे यह फिल्म ऑफर हुई, तो मुझे लगा कि तमिल सिनेमा में डेब्यू के लिए यह एकदम सही प्रोजेक्ट है। इस फ्रेंचाइजी की पहले से ही मजबूत पहचान है और इसकी अनोखी स्क्रिप्ट ने मुझे आकर्षित किया। नोरा फतेही ने आगे बताया, क्राइम-कॉमेडी ड्रामा मडगांव एक्सप्रेस की सफलता के बाद मैं एक और कॉमेडी फिल्म का हिस्सा बनना चाहती थी और इस प्रोजेक्ट के साथ मुझे वही रास्ता नजर आया। मैं इस फिल्म में काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। नोरा ने बताया कि तमिल भाषा सीखना आसान नहीं है। फिल्म के लिए तमिल भाषा सीखना चुनौतीपूर्ण रहा है। उन्होंने बताया, भाषा हमेशा एक चुनौती होती है, लेकिन मुझे चुनौतियां पसंद हैं। मैंने पहले हिंदी, तेलुगू और मलयालम में भी काम किया है और अब तमिल मेरे लिए सबसे मुश्किल भाषा है और इसमें काम करने को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। नोरा फतेही ने यह भी बताया कि वह अपने किरदार को पर्दे पर उतारने के लिए किस तरह से तैयारी कर रही हैं। उन्होंने बताया, मैं अपने लाइन्स की रिहर्सल करने और उच्चारण पर काम करने के लिए अतिरिक्त समय दे रही हूं। इसके लिए खूब प्रैक्टिस करती हूं। सेट पर मिला प्रोत्साहन सबसे बड़ी प्रेरणा रहा। उन्होंने कहा, क्रू को उम्मीद नहीं थी कि मैं कॉमिक सीन में इतनी सहज रहूंगी। ऐसी प्रतिक्रिया मुझे और बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है। यह संस्कृति और भाषा का सम्मान करने के साथ-साथ अपना सर्वश्रेष्ठ देने का मौका है। मुझे टीम का भी काफी सपोर्ट मिलता है। नोरा ने तमिल और बॉलीवुड सिनेमा के अंतर को भी रेखांकित किया। उनके मुताबिक, तमिल सिनेमा कहानी और परफॉर्मेंस पर केंद्रित है, जबकि बॉलीवुड की अपनी भव्यता और एनर्जी है। दोनों इंडस्ट्री से सीखना मेरे लिए रोमांचक अनुभव है।



## अक्षरा सिंह ने ग्रीन साड़ी में बिखेरा जलवा, सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट किया

**भोजपुरी** फिल्मों की अभिनेत्री अक्षरा सिंह बेहतरीन अभिनय और अद्भुत स्टाइल के लिए चर्चा में रहती हैं। वह अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करती रहती हैं। इस कड़ी में अक्षरा ने बुधवार को एक वीडियो पोस्ट किया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह ग्रीन कलर की साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। इस वीडियो में उनकी मुस्कान को देख फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में अक्षरा का आकर्षक लुक, हल्की-सी मुस्कान और स्टाइलिश पोज फैंस को लुभा रहा है। वह साड़ी में अलग-अलग अंदाज में वीडियो शूट करवा रही हैं। कभी वह सामने से चलकर आती दिख रही हैं, तो कभी पेड़ों के पीछे से पोज दे रही हैं। वह अपने पल्लू को हवा में उड़ाते हुए मौसम का मजा लेती हुई भी नजर आ रही हैं। उनका यह लुक न केवल उनकी खूबसूरती को बयां करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि वे सादगी के साथ-साथ फैशन के मामले में भी किसी से पीछे नहीं हैं।

वीडियो में अक्षरा ने रोमांटिक शॉर्ट फिल्म बम्बलिंग का गाना फाइनली वी मेट ऐड किया है। अभिनेत्री ने वीडियो पोस्ट कर कैप्शन में लिखा, सच्ची खूबसूरती ध्यान खींचने की कोशिश नहीं करती, लोग खुद ही उसे पसंद करने लगते हैं। उनके इस पोस्ट पर फैंस की तेजी से प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कई फॉलोअर्स तो उनके लुक की तारीफ कर रहे हैं, तो कई उनके लिखे कैप्शन को दिल से महसूस करते हुए कमेंट्स कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, आपकी आंखों में छुपा दर्द साफ झलकता है, लेकिन जिस हिम्मत से आप मुस्कुरा रही हैं, वो काबिल-ए-तारीफ है। अभिनेत्री अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी विवादों में रह चुकी हैं। उनका नाम भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार पवन सिंह से जुड़ चुका है। एक समय था जब दोनों का रिश्ता सुर्खियों में रहा, लेकिन वक्त के साथ यह रिश्ता कड़वाहट में बदल गया। अलगाव के बाद अक्षरा ने पवन सिंह पर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना जैसे गंभीर आरोप लगाए, जिससे उनके व्यक्तिगत जीवन में काफी उथल-पुथल मची।

## The Bengal Files: 'बिना फिल्म देखे, क्यों हो रहा विरोध?

### 'द बंगाल फाइल्स' विवाद पर भड़के मिथुन चक्रवर्ती

**विवेक** अग्निहोत्री की फिल्म द बंगाल फाइल्स रिलीज से पहले ही विवादों में घिर चुकी है। अब मिथुन चक्रवर्ती ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह सब पहले से तय था। विवेक अग्निहोत्री की आगामी फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' को लेकर विवाद हो रहा है। बीते दिनों कोलकाता में फिल्म के ट्रेलर रिलीज के दौरान काफी हंगामा हुआ था। इस मामले पर दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि लोग फिल्म देखें बिना किस बात का विरोध कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब सोची समझी साजिश थी।





अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने बातचीत करते हुए कहा, 'सब कुछ पहले से तय था। लेकिन मेरे लिए यह बहुत आश्चर्यजनक था कि बिना ट्रेलर देखे, बिना कुछ देखे, वे इसका विरोध किस लिए कर रहे हैं? सच्चाई का सामना करने के लिए? तो, यही समस्या है। और कुछ नहीं।'

द बंगाल फाइल्स के मेकर्स पर राजनीतिक लोगों ने FIR दर्ज कराई है। इसपर बात करते हुए मिथुन चक्रवर्ती ने कहा, 'बंगाल में एफआईआर कुरमुरा की तरह बांटी जाती है। अगर टीएमसी का कोई भी पुलिस स्टेशन में जाएगा, तो एफआईआर हो जाएगा। ऐसा ही था, तो कोई बात नहीं। अगर एफआईआर हो गई है, विवेक अग्निहोत्री इसका विरोध करेंगे। कोई बात नहीं।'

#### विरोधियों को दिया जवाब

द बंगाल फाइल्स का विरोध कर रहे लोगों पर अभिनेता ने निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'हर कोई सच्चाई से डरता है। यही बात है।' आगे उन्होंने बोला- 'यह 1947 है, मेरे जन्म से भी पहले का, जिसके बारे में हम नहीं जानते। अगली पीढ़ी को पता होना चाहिए कि नोआखली में क्या हुआ था या कलकत्ता के बड़े नरसंहारों के बारे में क्या हुआ था। क्या हुआ था, हमने एक लाइन पढ़ी क्या हुआ? आप सच नहीं जानना चाहते?



## 'डिंपल भाभी को बचाओ'

### एक्ट्रेस के बयान से इंटरनेट पर मचा कोहराम

**हाल** ही में स्वरा भास्कर ने सांसद डिंपल यादव को अपना क्रश बताया है, जिसके बाद से सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है और नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इस बार एक्ट्रेस ने सपा सांसद डिंपल यादव को अपना क्रश बताया है, जिसके बाद से वो इंटरनेट पर छाई हुई हैं। यूजर्स तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

## दिल्ली प्रीमियर लीग: पुरानी दिल्ली 6 के लिए अब हर मैच फाइनल जैसा

एजेंसी

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चल रही दिल्ली प्रीमियर लीग में पुरानी दिल्ली 6 का यह सीजन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। टीम ने शुरूआत आउटर दिल्ली वॉरियर्स से 82 रनों की करारी हार के साथ की थी, लेकिन इसके बाद शानदार वापसी करते हुए लगातार दो मैच जीते। हालांकि, इसके बाद लय बिगड़ गई और नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स से 27 रनों और ईस्ट दिल्ली राइडर्स से 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। टूनामेंट के दूसरे हाफ में भी हालात और कठिन रहे, जहां उन्हें दोबारा लगातार साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज से 46 रनों और ईस्ट दिल्ली राइडर्स से 21 रनों से हार झेलनी पड़ी। अब पुरानी दिल्ली 6 शनिवार को वेस्ट दिल्ली लायंस के खिलाफ जीत हासिल कर-के अपने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेंगे। हालांकि प्लेऑफ की उम्मीदें बेहद कमजोर स्थिति में हैं और टीम के लिए अब हर मुकाबला एक नॉकआउट मुकाबले की तरह है। आगामी मुकाबलों पर बात करते हुए पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने कहा कि, ह्लहमें अपनी स्थिति का पूरा अंदाजा है और लड़के भी जानते हैं कि दांव पर क्या लगा है। अब सबकुछ आत्मविश्वास और



योजनाओं को अनुशासन के साथ लागू करने पर निर्भर करता है। यहां से हर मैच हमारे लिए फाइनल है। टीम एक बार फिर सलामी बल्लेबाज समर्थ सेठ की निरंतरता, देव लाकड़ा की विस्फोटक मिडिल-ऑर्डर बल्लेबाजी और कप्तान वंश बेदी के हरफनमौला प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। साथ ही गेंदबाजों को भी अहम मौकों पर विकेट निकालने ही होंगे। टीम के पास अभी सेंट्रल दिल्ली किंग्स (25 अगस्त) और साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज (27 अगस्त) के खिलाफ मैच बाकी हैं, ऐसे में शनिवार का यह मुकाबला बेहद अहम होने वाला है। टीम: वंश बेदी (कप्तान), ऋषभ पंत (मार्की खिलाड़ी), ललित यादव, देव लाकड़ा, आयुष सिंह, समर्थ सेठ, आरूष मल्होत्रा, सार्थक पाल, अग्रिम शर्मा, विवेक यादव, युग गुप्ता, उदव मोहन, प्रणव पंत, प्रिंस मिश्रा, रुषल सैनी, आर्यन कपूर, प्रदीप पराशर, एकांश डोबाल, आदित्य मल्होत्रा, रजनीश दादर, आशीष चौरसिया, कुश नागपाल, ध्रुव चौहान, गौरव सरोहा।

## द हंड्रेड: वेल्श फायर ने बर्मिंघम फीनिक्स को दी शिकस्त, प्लेऑफ उम्मीदें बरकरार



**लंदन** : पुरुषों की द हंड्रेड 2025 में वेल्श फायर ने बर्मिंघम फीनिक्स को शुक्रवार रात 8 विकेट से हराकर प्लेऑफ की दौड़ में अपनी उम्मीदों को ज़िंदा रखा। इस जीत के साथ दोनों टीमों के आठ-आठ अंक हो गए हैं और अब दोनों के पास दो-दो मैच शेष हैं। हालांकि नॉकआउट तक का रास्ता अब भी कठिन है। दोनों टीमों को अपने बाकी दोनों मुकाबले जीतने होंगे और साथ ही उम्मीद करनी होगी कि तीसरे स्थान पर मौजूद नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स अंक गंवाए। इसी दौड़ में साउदर्न ब्रेव (12 अंक) और मैनचेस्टर ओरिजिनल्स (8 अंक) भी शामिल हैं। मैच में बर्मिंघम फीनिक्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निराशाजनक शुरूआत की। बेन डकेट को राइली मेरेडिथ ने जल्दी ही आउट कर दिया। जो क्लार्क और विल स्मीड ने रन गति बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन बेन केलअवे ने क्लार्क को आउट कर फीनिक्स की पारी को झटका दिया। टीम 58/3 से 85/5 पर लड़खड़ा गई। इसके बाद बेनी हावेल और जैकब बेथेल ने 39 रन जोड़कर संघर्ष किया, मगर अंत तक टीम केवल 138/9 तक ही पहुंच सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेल्श फायर ने शानदार शुरूआत की। स्टीव स्मिथ और स्टीफन एस्किनाजी ने 72 रन की साझेदारी की। एस्किनाजी 42 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन स्मिथ ने पारी संभाले रखी। बीच में जॉनी बेयरस्टो ने ताबड़तोड़ 35 रन (21 गेंद) जोड़े और टीम को जीत की ओर धकेला। अंत में कप्तान टॉम एबेल ने चौका जड़कर जीत दिलाई।

## एशिया कप 2025 के लिए बांग्लादेश टीम घोषित, लिटन दास होंगे कप्तान; शांतो-मेहदी बाहर

एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को एशिया कप 2025 के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टूनामेंट 9 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा। इस टीम के खिलाड़ी इससे पहले नीदरलैंड्स के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज भी खेलेंगे। टीम की कमान लिटन दास के हाथों में होगी, जिन्होंने हाल ही में श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में बांग्लादेश को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। लंबे समय बाद विकेटकीपर बल्लेबाज नुरुल हसन टीम में वापसी कर रहे हैं। वहीं, अनुभवी ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज को मुख्य टीम में जगह नहीं मिली है, जबकि सीनियर बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांतो भी टीम से बाहर कर दिए गए हैं। सौम्या सरकार को स्टैंडबाय खिलाड़ियों में रखा गया है। बांग्लादेश को एशिया कप में



ग्रुप-बी में रखा गया है, जहां उसका सामना अफगानिस्तान, हांगकांग और श्रीलंका से होगा। वहीं ग्रुप-ए में भारत, पाकिस्तान, ओमान और मेजबान यूएई की टीमें शामिल हैं।

बांग्लादेश टीम (एशिया कप 2025): लिटन दास (कप्तान), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदॉय, जाकिर अली अनिक, शमीम हुसैन, क्वाजी नुरुल हसन सोहन, शाक माहीदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजिम हसन साकिब, तास्किन अहमद, शरीफुल इस्लाम, शैफ उद्दीन। स्टैंडबाय खिलाड़ी: सौम्या सरकार, मेहदी हसन मिराज, तनवीर इस्लाम, हसन महमूद।

# फर्जी आयुष्मान का लाभ उठाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : सांसद

### स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उत्पाद बिकेंगे अमेजन-फ्लिपकार्ट पर

एजेंसी

**झांसी :** झांसी-ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में घंटों चली विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सरकार की मंशा गरीबों तक सीधा लाभ पहुँचाने की है, ऐसे में योजनाओं का लाभ किसी भी पात्र व्यक्ति से वंचित न हो। सांसद ने कहा कि अधिकारी अपने विभागीय कार्यों व लक्ष्यों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को अवश्य उपलब्ध कराएं, ताकि योजनाओं का समयबद्ध सत्यापन और



क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि योजनाओं में अनावश्यक देरी किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सांसद ने कहा कि जिले में मनरेगा के तहत वर्ष 2025-26 में 9 हजार श्रमिकों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का रोस्टर जारी करते हुए पात्र लाभार्थियों का चयन शीघ्र करने के निर्देश दिए। एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि सड़कों पर गड्ढे और छुट्टा गोवंश दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। उन्होंने तत्काल मरम्मत, अवैध कट बंद करने और सड़क सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम ने कैटल कैचर की व्यवस्था करने का सुझाव दिया। बिजली व्यवस्था पर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई। सांसद ने सब स्टेशन निर्माण और क्षमता वृद्धि की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने को कहा। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि अब तक 10 में से 7 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, शेष कार्य जल्द पूरा कराया जाए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि हर घर पेयजल योजना में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं होगी। पाइपलाइन डालने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त कर आवागमन योग्य बनाने के निर्देश दिए। बैठक में एमएलसी रामतीर्थ सिंघल ने ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि, विधायक प्रतिनिधि दीपक कठैल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की गंदगी व निजी अस्पतालों में दलाली का मुद्दा उठाया। एमएलसी रमा निरंजन ने नए मकानों में बिजली कनेक्शन में हो रही देरी पर सवाल खड़े किए। शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी ने लगातार कटौती पर नाराजगी जताई। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कहा कि बैठक में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों और सुझावों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक का संचालन सीडीओ जुनैद अहमद ने किया।

बैठक में आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान ललितपुर में आशा कार्यकर्ता द्वारा फर्जी कार्ड बनाए जाने का मामला सामने आने पर सांसद ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि झांसी में ऐसा कोई मामला सामने आया तो संबंधित पर सीधे जेल भेजने की कार्रवाई होगी। साथ ही कहा कि मध्यप्रदेश से आने वाले मरीजों का इलाज रोकने वाले अस्पतालों पर भी सख्त कार्रवाई होगी।

#### महिलाओं के उत्पाद ऑनलाइन बेचने की तैयारी

बैठक के दौरान सांसद ने स्वयं सहायता समूह (रत्न्न्न) की महिलाओं के उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए उन्हें जेम पोर्टल पर पंजीकृत कराने और अमेजन व फ्लिपकार्ट के माध्यम से विपणन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही जलविहार मेले में उन्हें मुफ्त स्थान उपलब्ध कराने की बात कही। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने सुझाव दिया कि समूह के उत्पादों का कॉपीराइट कराया जाए, जिससे बिक्री में आसानी होगी।

#### ये रहे उपस्थित

इस दौरान सांसद अनुराग शर्मा के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, एमएलसी रमा निरंजन, रामतीर्थ सिंघल, शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी सहित पुलिस, स्वास्थ्य, विद्युत, जल निगम, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# केंद्रीय मंत्री गडकरी आज जबलपुर प्रवास पर, मप्र के सबसे बड़े फ्लाईओवर का करेंगे शिलान्यास

एजेंसी

**भोपाल :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज शनिवार को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय प्रवास पर जबलपुर आ रहे हैं। वे यहां प्रदेश के सबसे बड़े और अत्याधुनिक फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे। इस इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उनके साथ मौजूद रहेगे। यह फ्लाईओवर जबलपुर शहर को नए यातायात स्वरूप में महानगरीय पहचान देगा। केन्द्रीय मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव जबलपुर में दोपहर 12 बजे आयोजित कार्यक्रम में चार हजार 706



करोड़ रुपये की लागत से 186 किमी लंबी 10 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सहित अन्य सम्मानीय जनप्रतिनिधि इस समारोह में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में जिन परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा, उनमें जबलपुर में सीआरआईएफ से निर्मित दमोह नाका-रानीताल मदनमहल मेडिकल रोड फ्लायओवर, कटनी बायपास का चार लेन चौड़ीकरण, अब्दुल्लागंज-इटारसी खंड में रातापानी वन्यजीव अभ्यारण्य भाग का चार लेन चौड़ीकरण एवं हिरन-सिंदूर खंड में नौरादेही वन्यजीव अभ्यारण्य भाग का चार लेन चौड़ीकरण का कार्य शामिल है। इसी प्रकार जिन परियोजनाओं का शिलान्यास होगा, उनमें जबलपुर रिंग रोड के पाचवें पैकेज में अमझर-बरेला चार लेन सड़क निर्माण, रीवा बायपास का चार लेन चौड़ीकरण, सिरमौर से डभौरा खंड का दो लेन पेव्ड शोल्डर के साथ चौड़ीकरण, मंडला से नैनपुर खण्ड का दो लेन पेव्ड शोल्डर के साथ चौड़ीकरण, रीवा-मैहर-कटनी खंड पर सात अंडरपास का निर्माण तथा कटनी-जबलपुर-लखनादौन खंड पर छः फ्लायओवर व अंडरपास के निर्माण कार्य शामिल है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि जबलपुर में 1052 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 6.855 किलोमीटर लंबा यह एलिवेटेड कॉरिडोर मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाईओवर है।

## मंत्री सुरेश खन्ना ने वाराणसी के जयप्रकाश नगर में किया स्थलीय निरीक्षण, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

एजेंसी

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने शनिवार को वाराणसी के जयप्रकाश नगर में मलिन बस्ती सहित कालोनी में साफ सफाई का स्थलीय निरीक्षण किया। वाराणसी कैंट क्षेत्र में जयप्रकाश नगर में स्वच्छता कार्यों से मंत्री सुरेश खन्ना बिल्कुल भी प्रसन्न नहीं दिखे, उन्होंने वहाँ की साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नगर निगम के अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया। साथ ही स्थानीय विधायक सौरभ श्रीवास्तव से क्षेत्र में निरंतर निगरानी के लिए भी कहा। प्रभार जनपद वाराणसी में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने शहर की साफ सफाई पर जोर देते हुए नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि सीवर की समय से सफाई होनी चाहिए। बंद



नालियों को खोलिए और जलभराव होने से रोकने का प्रयास कीजिए। कूड़े के ढेर को लगने से रोकिए। अधिकारी स्वयं सड़क पर उतर कर हर क्षेत्र की स्वच्छता जाने और आवश्यक दिशा निर्देश दे। इस निरीक्षण के उपरांत मंत्री सुरेश खन्ना वाराणसी के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में चले गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुरेश खन्ना ने वहां भी अधिकारियों को सख्त लहजे सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। बैठक में महापौर अशोक तिवारी, विधायकों सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## बंदर और आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान

### -छह महीने में 40 से अधिक लोग हो चुके घायल

एजेंसी

**रुद्रप्रयाग :** ऊखीमठ नगर पंचायत के प्रवेश द्वार पर कूड़ा डंपिंग जोन आवारा कुत्तों और हिंसक बंदरों का अड्डा बन गया है, जिससे स्कूली बच्चों और अन्य राहगीरों को खतरा बना है। बावजूद, नगर पंचायत और तहसील प्रशासन द्वारा इस समस्या के निस्तारण के लिए कोई प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। नगर मंडल व्यापार संघ ने भी जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर नगर क्षेत्र में बंदर और आवारा कुत्तों के बढ़ते प्रकोप से निजात दिलाने की मांग की है। तहसील मुख्यालय और नगर पंचायत ऊखीमठ क्षेत्र में बंदरों का आतंक दिनोंदिन बढ़ रहा है। एक तरफ जहां बंदर खेत-खलियानों में काश्तकारों की फूल-फूल की खेती को नष्ट कर रहे हैं। वहीं, घरों व रास्ते में लोगों पर हमला कर उन्हें लहुलुहान कर रहे हैं। दूसरी तरफ आवारा कुत्ते झुंड में राहगीरों पर हमला कर रहे हैं। ओंकारेश्वर वार्ड निवासी पवन राणा का कहना है कि प्रशासन द्वारा बंदरों को पकड? के लिए पूर्व में वन विभाग के सहयोग से पिंजरे लगाये गये थे, लेकिन कुछ समय बाद यह कार्य बंद हो गया। अब, बंदरों का आतंक अपने चरम पर पहुंच चुका है, जिससे स्थानीय लोगों का जीना दुभर हो गया है। मंदिर मार्ग के व्यवसायी दिनेश गुसाईं का कहना है कि बंदर मंदिर में आने वाले यात्रियों की पूजा सामग्री तक छीन रहे हैं जिससे कई बार लोग चोटिल भी हो रहे हैं। साथ ही स्थानीय दुकानदारों के दुकानों में रखे सामान को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। मंगोली गांव निवासी विराट सौरभ भट्ट ने बताया कि आवारा कुत्ते झुंड में जगह-जगह पर एकत्रित होकर राह चलते लोगों और स्कूली बच्चों के पीछे दौड़ रहे हैं। एक सप्ताह में आवारा कुत्ते अलग-अलग जगहों पर तीन लोगों को काट चुके हैं। स्वामी प्रणवानंद विद्यामंदिर भारत सेवाश्रम की छात्रा व किमाणा गांव निवासी आयुशी ने बताया कि बंदर और आवारा कुत्तों के कारण उन्हें घर से स्कूल जाने व वापस लौटने में निरंतर डर लगा रहता है। पीएचसी ऊखीमठ से मिली जानकारी के अनुसार बीते छह माह में बंदर और आवारा कुत्तों के हमले से 40 से अधिक लोगों का इलाज किया जा चुका है। इधर, उप जिलाधिकारी अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि वन विभाग और नगर पंचायत को विशेषज्ञों की मदद से समस्या निस्तारण के लिए निर्देश दिये गये हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष कुब्जा धरम्वाण ने बताया कि वन विभाग को बंदरों से निजात दिलाने के लिए ठोस प्रयास करने को कहा गया है। बताया कि पूर्व में पिंजरे लगाये गये थे, पर मौजूदा समय में पुनः बंदरों को पकड? के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

## उत्तराखंडः चमोली के थराली में टुनरी गदेरे में आई बाढ़ से तबाही, तहसील परिसर समेत कई घरों में भरा मलबा, दो लापता

एजेंसी

**देहरादून :** उत्तराखंड के चमोली जिले के थराली में रात करीब 12:48 बजे अतिवृष्टि से टुनरी गदेरा में बाढ़ आ गई। इससे थराली बाजार, कोटदीप तहसील थराली परिसर और कई घरों में मलबा भर गया है। कई वाहन भी मलबे में दब गए। बताया जा रहा है कि सागवाड़ा गांव मे एक लड़की मलबे में दब गई जबकि थराली बाजार में एक व्यक्ति लापता बताया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर दुख जताने के साथ वहां राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर करने के निर्देश दिए हैं। थराली तहसील में अतिवृष्टि के बाद टुनरी खदेरे में उस वक्त बाढ़ आई जब लोग गहरी नींद में सो रहे थे। बताया जा रहा है कि इस त्वरित बाढ़ से थराली तहसील को बड़ा नुकसान पहुंचा है। चेपड़ों बाजार में कुछ दुकान मलबे से क्षतिग्रस्त हुई है और एक व्यक्ति लापता है। यहां



थराली-ग्वालदम मोटर मार्ग मिंगदेरा में बंद है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चमोली के थराली क्षेत्र में देर रात बादल फटने की घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, पुलिस मौके पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं। वे इस संबंध में स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हैं और स्वयं स्थिति की गहन निगरानी कर रहे हैं। जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र से प्राप्त सूचना के अनुसार खोज बचाव एवं राहत कार्य के लिए तहसील प्रशासन, पुलिस विभाग, सिविल पुलिस, डीडीआरएफ, फायर सर्विस घटनास्थल पर मौजूद हैं। जबकि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी व एसएसबी टीमें घटनास्थल के लिए रवाना हो चुकी हैं। घटना के बाद आज तीनों विकासखंडों थराली, देवाल व नारायणबगड़ के समस्त स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

# फूलगोभी की खेती: किसानों के लिए आमदनी और पोषण सुरक्षा का साधन

एजेंसी

**झांसी :** फूलगोभी सब्जियों के अंतर्गत एक अत्यंत पौष्टिक फसल है, इसकी खेती कर किसान भाई न केवल अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं, बल्कि पोषण सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकते हैं। रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. सुशील कुमार सिंह ने बताया कि फूलगोभी की मध्यकालीन किस्मों जैसे पूसा सिंथेटिक, पंत शुभ्रा, पूसा हिंग ज्योति, पूसा दिवाली, पूसा हाइब्रिड-2, पूसा शरण, पंत गोभी एवं मोनोलिसा आदि की नर्सरी तैयार कर किसान 10 से 15 सितंबर के बीच रोपाई करें तो उन्हें उत्कृष्ट



उपज और बेहतर बाजार मूल्य प्राप्त हो सकता है। एक हैक्टेयर क्षेत्र में रोपाई हेतु 500 से 600 ग्राम बीज पर्याप्त होता है। नर्सरी को उठी या उभरी शैय्या पर तैयार करने के साथ-साथ मिट्टी में सड़ी हुई गोबर की खाद मिलाना आवश्यक है। बीजों को बोने से पहले कार्बेन्डाजिम 3 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से बीज शोधन करने की सलाह दी गई है।

डॉ. सिंह ने बताया कि 30 से 35 दिन के पौधे रोपाई के लिए उपयुक्त होते हैं तथा पौधों को 4545 सेंटीमीटर की दूरी पर लगाना चाहिए। रोपाई के 20-25 दिन बाद पौधों के नीचे मिट्टी चढ़ाने से फूलगोभी के फूल सुडौल एवं आकर्षक बनते हैं, जिनकी बाजार में अच्छी कीमत मिलती है। ह्लफूलगोभी की खेती वैज्ञानिक विधि से करने पर किसान भाई बेहतर उत्पादन और अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। खेत की नियमित देखभाल, खरपतवार प्रबंधन और पौधों के नीचे समय से मिट्टी चढ़ाना फूलगोभी की गुणवत्ता सुधारने में विशेष योगदान देता है। इस प्रकार की खेती से किसान न केवल अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं बल्कि समाज को पोषण सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने किसान भाइयों से आह्वान किया कि वे इस मौसम में फूलगोभी की उन्नत किस्मों की खेती अवश्य करें और विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त करें।

## शनि आस्था का संगम : मप्र के ऐति पर्वत पर दो दिवसीय शनि मेला शुरू

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुरैना का शनि पर्वत इन दिनों श्रद्धा और आस्था का केंद्र बना हुआ है। अतिप्राचीन समय से विश्व में एकमात्र मूर्ति स्वरूप में विराजमान शनि देव का मंदिर यहीं स्थित है। धार्मिक मान्यता के अनुसार शनि उपासना के लिए यह स्?थान अत्यंत फलदायी है, इसी कारण हजारों श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचना शुरू कर दिया है। इस बार यहां शनि अमावस्या के अवसर पर जिला प्रशासन ने दो दिवसीय शनि मेले का आयोजन किया है। उल्लेखनीय है कि शनि पर्वत, जिसे ऐति पर्वत भी कहा जाता है, रामायण काल से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि लंका दहन के समय हनुमान जी ने रावण की कैद से मुक्त कराए गए शनि देव को अपनी पूरी शक्ति से उछाला था और शनि देव आकर इस पर्वत पर गिरे। यहीं उन्होंने तपस्या कर अपनी शक्तियाँ अर्जित कीं। तभी से यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बन गया। जिला प्रशासन ने मेले के लिए सुरक्षा व्यवस्था में छह सौ पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, वहीं अतिरिक्त बल भिंड, श्योपुर और दतिया से बुलाया गया है। 60 सदस्यीय क्यूआरएफ टीम भी लगातार निगरानी की जा रही है। पुलिस चौकियाँ, खोया-पाया केंद्र और मेडिकल कैम्प लगाए गए हैं। दो ड्रोन कैमरों से मेले की निगरानी हो रही है। ग्वालियर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्टेशन शनिचरा के पास पार्किंग की गई है जबकि मुरैना-बानमौर मार्ग पर रांसु तिराहे पर अलग पार्किंग स्थल बनाया गया है। ट्रैक्टर, ट्रॉली और ट्रक जैसे भारी वाहनों का प्रवेश अगले दो दिनों तक पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### जींद में हरियाली अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने किया पिंडदान

**जींद :** जिंद के पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर शनिवार को हरियाली अमावस्या के मौके श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान कर पितृ तर्पण किया और सुखद भविष्य की कामना की। अमावस्या को देखते हुए यहां बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर शुक्रवार शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। इस दौरान धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। शनिवार अल सुबह ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया। इस मौके पर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्यदेव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किंवदंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर यहां पिंडदान करने का विशेष महत्व है। यहां पिंडदान करने के लिए विभिन्न प्रांतों के श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं ने यहां खरीददारी भी की।

### झांसी में डीएपी की 2600 मीट्रिक टन की भेजी गई अतिरिक्त रैक

**झांसी :** योगी सरकार किसानों के लिए यूरिया, डीएपी समेत अन्य आवश्यक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता पर खास जोर दे रही है। झांसी में पहले से उपलब्ध कराए गए उर्वरकों के अतिरिक्त शुक्रवार को डीएपी की 2600 मीट्रिक टन की नई खेप भेजी गई है। इससे पहले गुरुवार को 2600 मीट्रिक टन यूरिया की अतिरिक्त खेप भेजी गई थी। जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है और जमाखोरी की आशंकाओं पर जांच भी की जा रही है। खरीफ फसल के लिए झांसी जनपद में पूर्व में 21005 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया था और बाद में 2600 मीट्रिक टन की खेप भेजी गई। इस तरह अब तक जनपद में कुल 23605 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराई जा चुकी है। इसके अलावा जिले को 11961 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध कराया गया था। शुक्रवार को 2600 मीट्रिक टन डीएपी का अतिरिक्त रैक झांसी के लिए रवाना किया गया। इस तरह जनपद को अब तक 14561 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके अलावा अन्य उर्वरकों की भी जनपद में पर्याप्त उपलब्धता है। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि खतौनी, आधार और पीओएस के बिना खाद नहीं दिया जा रहा है। एक अप्रैल से अब तक जिन लोगों ने एक मीट्रिक टन से अधिक खाद की खरीद की है, उनकी जांच की जा रही है कि कहीं किसी ने कालाबाजारी से मकसद से तो खरीद नहीं की है। जनपद के सभी बिक्री केंद्रों पर उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है।

### छात्र-छात्राओं ने प्रवेश को लेकर विधायक से लगाई गुहार

**रुद्रप्रयाग :** श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में बीए चतुर्थ सेमेस्टर में 90 फीसदी छात्र-छात्राओं की एक से दो विषय में बैक आई है। ऐसे में उन्हें पांचवें सेमेस्टर में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। बीए फाइनल सेमेस्टर और बीएससी के छात्र-छात्राओं को भी इस समस्या से जूझना पड़ रहा है। छात्र-छात्राओं ने विधायक से भी गुहार लगाई है। वहीं, महाविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि श्रीदेव सुमन विवि परीक्षा अनुभाग से लगातार संपर्क के बाद भी स्थिति जस की तस है। महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में बीए में प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष में 200 से अधिक छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। लेकिन यहां, शायद ही कोई छात्र-छात्रा हो, जिसकी परीक्षा में एक या दो विषय में बैक नहीं आई हो या उसे फेल नहीं दिखाया गया हो। श्रीदेव सुमन विवि द्वारा एक तो समय पर परीक्षाफल घोषित नहीं किये जा रहे हैं, वहीं छात्र-छात्राओं को हिंदी, राजनीति शास्त्र, इतिहास, समाजशास्त्र जैसे विषयों में भी फेल किया जा रहा है। एक छात्रा ने बताया कि चतुर्थ सेमेस्टर में उनके सभी विषयों के पेपर बढि?ा हुये थे। उन्हें उम्मीद थी कि 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त होंगे, लेकिन जब परीक्षाफल घोषित हुआ तो उनकी इतिहास विषय में बैक आई है। छात्र मनमोहन कप्रवाण का कहना है कि महाविद्यालय प्रबंधन की सुस्ती और श्रीदेव सुमन विवि की मनमानी से छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। चतुर्थ सेमेस्टर में अधिकांश छात्र-छात्राओं की बैक आने से उन्हें पांचवें सेमेस्टर में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। वहीं, एक छात्रा ने बताया कि बीए अंतिम सेमेस्टर में उसे दो विषयों में फेल किया गया है। छात्र आदर्श, सौरभ, प्रिया, तनुजा आदि का कहना है कि वह कॉलेज प्रबंधन से मामले में उचित कार्रवाई के लिए कई बार कह चुके हैं, पर कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। उन्होंने रुद्रप्रयाग विस के विधायक भरत सिंह चौधरी से भेंट कर उनके भविष्य को देखते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। इधर, राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग के परीक्षा अनुभाग के प्रभारी डा. जगमोहन सिंह रावत ने बताया कि श्रीदेव सुमन विवि परीक्षा अनुभाग को कई बार अवगत कराने के पर भी परीक्षाफल में सुधार नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि वहां से हमारे कॉल तक रिसीव नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रभावित छात्र-छात्राओं को स्वयं ही नई टिहरी श्रीदेव सुमन विवि जाकर परीक्षाफल में सुधार करवाने के लिए भी कहा गया है।

### प्रयागराज में एक अन्य मुठभेड़ के बीच पच्चीस हजार का इनामी गोली लगने से घायल

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित करेली थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात हुई मुठभेड़ में एक पच्चीस हजार का इनामी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस टीम ने घायल बदमाश को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। सहायक पुलिस आयुक्त अतरसुइया राजकुमार मीना ने बताया कि गोली से घायल बदमाश की पहचान झारखण्ड के साहेबगंज जनपद के राजमहल थाना क्षेत्र में स्थित मजहर टोला निवासी आजाद उर्फ बिल्ली पुत्र स्वर्गीय अनीश अहमद जो वर्तमान में झुग्गी झोपड़ी बारह मार्केट थाना करैली में रहता है,के रूप में हुई है। उसे तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ?अभियान के तहत करेली थाने की पुलिस टीम बक्सीमोड़ा बैरियर पर शुक्रवार की रात संदिग्ध वाहनों की चेकिंग दौरान एक संदिग्ध मोटर साइकिल सवार आता हुआ दिखाई दिया तो पुलिस टीम ने रोकने का इशारा किया। लेकिन वह भागते हुए पुलिस टीम पर असलहे से फायरिंग करने लगा। पुलिस टीम ने भी आत्मरक्षार्थ फायर किया। इस दौरान बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल होकर गिर गया। उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उससे पूछताछ की गई तो पता चला कि वह पच्चीस हजार का इनामी बदमाश आजाद उर्फ बिल्ली पुत्र स्वर्गीय अनीस अहमद है। इसके खिलाफ करेली सहित शहर के अन्य थानों में आपराधिक मुकदमें दर्ज है। इसका आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। आगे की कार्रवाई उपचार के बाद की जाएगी।

### मंडी हडताल: राज्?य सरकार अविलंब व्यापारियों से बात करे: गहलोत

**जयपुर :** यूजर चार्ज के विरोध में प्रदेश की कृषि उपज मंडियों में चल रही हडताल पर चिंता व्?यक्?त करते हुए पूर्व मुख्?यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्?य सरकार से अविलंब व्यापारियों से बात कर इसका समाधान निकालने की अपील की है। इस संबंध में गहलोत ने शनिवार को सोशल मीडिया प्?लेटफार्म एक्?स पर पोस्?ट किया कि राजस्थान की भाजपा सरकार ने एक आदेश निकाला है कि मंडी और उप-मंडी यार्ड में गैर-अधिसूचित कृषि उपज और खाद्य पदार्थों पर प्रति 100 रुपये के लेन-देन पर 50 पैसे यूजर चार्ज देना होगा। उन्?होंने लिखा कि इससे रोज काम आने वाले दाल, चावल, आटा, मैदा, सूजी, तिलहन, खाद्य तेल, नमक और ड्राई फ्रूट्स इसके दायरे में आएंगे, जिससे खाद्य पदार्थों के व्यापारियों एवं ग्राहक दोनों पर ही आर्थिक भार बढ़ेगा। इसके विरोध में प्रदेश की 247 खाद्य पदार्थ मंडियां हड़ताल पर हैं। इससे व्यापारियों को घाटा हो रहा है एवं आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व सीएम ने राज्य सरकार से अविलंब इन व्यापारियों से बात कर इसका समाधान निकालने की मांग की।

न्यूज IN ब्रीफ

## बीसीसीआई एवीपी कैम्प में चयन प्रक्रिया के लिए साहिबगंज के तीन क्रिकेटर गए रांची

**साहिबगंज :** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में होने वाले बीसीसीआई एवीपी अंडर-16 कैम्प में चयन प्रक्रिया के लिए साहिबगंज के तीन क्रिकेटर गुरुवार की रात रांची के लिए रवाना हो गए। खिलाड़ियों में अमित राज, मो जुनैद परवेज व आदित्य ज्ञान शामिल हैं। जिला क्रिकेट संघ के सचिव अंकुर सिन्हा ने बताया कि तीनों खिलाड़ियों से रांची, धुर्वा स्थित जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में दस्तावेज जमा लिया गया है। प्रकिया पूरी होने के बाद जेएससीए चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी करेगी। सचिव सहित जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा, मो अशफाक आलम, सुरेश साह, सतीश सिन्हा, राकेश गुप्ता, गोपाल सिंह, अमित तिवारी, चतुरानंद पांडेय, आफताब आलम, प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा, चंदन, राकेश, सुधीर राणा, श्याम रंजन व अन्य ने तीनों खिलाड़ियों को शुभकामना दी है।

## जेएलकेएम का खतियान अधिकार सभा सह मिलन समारोह कल

रामगढ़ : डुमरी विधायक एवं झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के नेतृत्व में बहुप्रतीक्षित खतियान अधिकार सभा सह मिलन समारोह का आयोजन 24 अगस्त 2025 को अंबेडकर पार्क, न्यू मार्केट, पीटीपीएस पतरातू में किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, टेंट और बैनर लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पतरातू क्षेत्र में जगह-जगह पर बैनर, पोस्टर और होर्डिंग लगाए गए हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस कार्यक्रम से जुड़ सकें। पार्टी की ओर से सभी लोगों से 24 अगस्त के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है। रमेश कुमार महतो ने कहा कि आज भी पतरातू क्षेत्र के लोग रोजी-रोजगार, हक-अधिकार, विस्थापन और मूलभूत सुविधाओं जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में यह कार्यक्रम लोगों को जागरूक करने और उनके हक के लिए एकजुट करने का प्रयास है। पतरातू टीम पूरी मेहनत, लगन और उत्साह के साथ क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चला रही है और लोगों से संपर्क कर रही है। उन्होंने कहा कि जयराम महतो अब केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा बन चुके हैं, जिनकी सोच से प्रेरित होकर सभी समुदायों के लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। झारखंड के विकास और झारखंडियों की पहचान को लेकर उनकी नीतियों में जो स्पष्टता है, वह आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। रमेश महतो ने कहा कि जब तक झारखंड में खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति और उद्योग नीति नहीं बनेगी, तब तक यहां के मूलवासी हक से वंचित रहेंगे। इस पार्टी को गरीब, वंचित, पिछड़े, शोषित पीड़ित लोगों की उम्मीद के केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेने के लिए मौके पर केंद्रीय संगठन महासचिव राजेंद्र बेदिया, केंद्रीय सचिव संतोष चौधरी, महासचिव लीलावती देवी, प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, वरिष्ठ नेता गिरीशंकर महतो, तिलक महतो, सहदेव महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त

**रामगढ़ :** जिले में दिनभर हुई बारिश से जन जीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त रहा। दिनभर हुई बारिश से कारण अधिकतर लोगों ने घरों में रहना बेहतर समझा। जिस कारण सड़कों में लोगों की उपस्थिति कम रही। इस कारण चौक चौराहों में बिरानी छाई रही। इधर, बारिश से किसान इस बात को लेकर खुश हैं की लगातार हो रही बारिश से धान की फसल अच्छी होगी। लेकिन टमाटर आदि के लिए किसान इस बारिश को नुकसानदायक बता रहे हैं।

## मिलाद उन नबी को लेकर हुई बैठक

**बरही :** बराफात उर्फ मिलाद उन नबी हर्षोल्लास मनाने को लेकर भंडारों पंचायत के मोहम्मदिया मैदान अलगडीहा में अल्पसंख्यक समाज की बैठक हुई। जिसमें क्षेत्र के तमाम इमाम, सदर, सेक्रेट्री और कई बुद्धिजीवी उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो कयूम अंसारी और संचालन हाजी साजिद उल्लाह ने किया। उपस्थित लोगों ने 5 सितंबर को मोहम्मद साहब के जन्म दिन हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया। बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस अवसर पर उलमा-ए-तकरीर, नाथ खानी सहित तल्म-ए-इल्म का प्रतियोगिता आयोजित किए जायेगे। जिसमे विभिन्न मदरसा के स्टूडेंट शिरकत करेंगे। जिसमें नामी गिरामी मौलाना व मौलवी अपने नगमें व बयान पेश करेगे। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले तालिबदार पुरस्कार से सम्मानित किए जाएंगे। इस अवसर पर जुम्मे की नमाज के बाद सभी कोई मुहम्मदिया ग्राउंड में जुटेंगे, जहां जुलूस भी निकाला जाएगा। बैठक में त मुफ्ती मुजाहिद, पप्पू खान, पूर्व पंसस जमीरउद्दीन हाफिज तैयब, मौलाना मो हुसैन मौलाना तोहिद रब्बानी, कारी शमशरजा, मुजाहिद, कारी मुमताज, मौलाना तौफीक आलम आदि मौजूद थे।

## 59 छात्रों के बीच साइकिल का हुआ वितरण

बरकट्ठा : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कलहाबाद के उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय कलहाबाद में शुक्रवार को वर्ग अष्टम के 59 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण का कार्य समारोह आयोजित कर किया गया। इस दौरान मुखिया कलावती देवी ने छात्रों के बीच साइकिल वितरित कर उन्हें प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रधानाध्यापक शशि भूषण प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना है ।इसके तहत शैक्षणिक सत्र 2025 -26 में अध्यनरत वर्ग 8 के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी तथा अल्पसंख्यक छात्राओं के बीच निशुल्क साइकिल वितरण किया गया है। बताया कि साइकिल मिलने से बच्चों की उपस्थित अधिक होती है ।उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वह समय पर अपने बच्चों को विद्यालय भेजें ताकि वह अच्छी शिक्षा प्राप्त कर उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकें।

## सहायक अध्यापकों ने मनाई शहीद मुनेश्वर सिंह की पुण्यतिथि

बरकट्ठा : प्रखंड के सहायक अध्यापकों ने शुक्रवार संध्या को मध्य विद्यालय बरकट्ठा में अपने आदर्श शहीद मुनेश्वर सिंह की पुण्यतिथि मनाई। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद मुनेश्वर सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया ।इस अवसर पर पारा शिक्षक संघ बरकट्ठा के प्रखंड सचिव सुकर ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2008 में पारा शिक्षक अपनी मांगों के समर्थन में बिरसा चौक, रांची में प्रदर्शन कर रहे थे। उसी दौरान पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज में गंभीर चोट लगने से मुनेश्वर सिंह का निधन हो गया था। तभी से पूरे राज्य के पारा शिक्षक 22 अगस्त को शहादत दिवस के रूप में मनाते हैं ।जिला उपाध्यक्ष लिलधारी प्रसाद ने कहा कि मुनेश्वर सिंह वास्तव में एक सच्चे योद्धा थे, जिन्होंने शिक्षकों के अधिकारों के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। वहीं राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि मुनेश्वर सिंह का सपना अभी अधूरा है। उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि तभी मिलेगी जब पारा शिक्षकों को वेतनमान की लंबित मांग पूरी होगी।

# जाली नोट मामले में फरार आरोपी को जीआरपी रेल थाना ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** पश्चिम बंगाल के वैषणव नगर थाना के हटाकपारा बौछा पारा के पास बांग्लादेश के बॉर्डर के पास से जाली नोट फरार तस्कर रंजन मंडल गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है।उक्त मामले में पुलिस को पांच सौ के पांच हजार नोट भी बरामाद हुई है,दरअसल बीते कुछ महीने पूर्व रेल कांड संख्या 12/25 मे बरहरवा रेल थाना जीआरपी ने तीन लोगों को चार लाख बारह हजार नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया था वही इस मामले मे बरहरवा जीआरपी पुलिसअनुसन्धान कर रही थी,की इस जाली नोट के मामले के और कितने तस्कर है उसी सिलसिले मे जीआरपी पुलिस लगातार जाली नोट तस्कर पर करी कार्रवाई को लेकर चुस्त थी।जाँच के दौरान जेल में बंद एक तस्कर को रिमांड मे लेकर पूछताछ कर रही थी जिसके निसानदेही पर जाली नोट से जुड़े तस्कर को पश्चिम बंगाल के बांग्लादेश के बॉर्डर के पास से गिरफ्तार कर बरहरवा लेकर आई जाली नोट के तस्कर ने अनुसन्धान मे यह बात स्वीकार किया कि जाली नोट के कारोबार मे लिप्त था और जाली नोट का धंधा काफी दिनों से करता था। यह सभी जाली नोट बांग्लादेश से लाये जाते थे और हिन्दुस्तान के कई जिलों और राज्य मे इसे खपाया जाता था वही दोनो जाली नोट के



तस्कर को पुलिस ने बांग्ला देश के बॉर्डर के हटाकपारा बौछापारा,थाना वैष्णव नगर थाना के पास से किया गिरफ्तार वही जीआरपी थाना प्रभारी बरहरवा रामा संकर प्रसाद ने बताया की ये सब नोट को बांग्लादेश से लेकर आता था और कई राज्य मे भेजता था ।इस मामले मे पूर्व में तीर्थ सिंह 41उम्र पिता-स्व राम सिंह सा-टीबा रोड गली न.-07 वैष्णो देवी मंदिर के नजदीक थाना-टीवा नगर जिला-लुधियाना पंजाब इंद्रप्रीत सिंह उम्र 42 वर्ष पिता-श्री मनमोहन सिंह सा.मकान संख्या-7995/1 गली न-विश्वकर्मा नगर ताजपुर रोड लुधियाना थाना-बर्धमान जिला-लुधियाना पंजाब कालू घोष 53 वर्ष पिताः-राजेन घोष नयन टोला थाना पिता-रजेन घोष सा-मिजार्पुर थाना-बरहरवा को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी थीं।

# विश्रामपुर अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का डीआईजी नौशाद आलम ने किया निरीक्षण



### अनुशासन व त्वरित कार्यशैली की तारीफ, मुख्यालय को नए पद का सुझाव देंगे

**मेदिनीनगर।** पलामू डीआईजी नौशाद आलम ने शुक्रवार को निर्धारित कार्यक्रम के तहत विश्रामपुर अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों की स्थिति और पुलिसकर्मियों की व्यवस्था देखी।

डीआईजी ने कहा कि कार्यालय में कम समय में अच्छी व्यवस्था दिखना सराहनीय है। उन्होंने बताया कि पुलिस लाइन से 20 मिनट के भीतर बल की पहुंच और गार्ड की व्यवस्था पुलिसकर्मियों की अनुशासन और तत्परता को दशार्ती है। मौके पर विश्रामपुर अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी आलोक कुमार टूटी मौजूद थे। डीआईजी नौशाद आलम में मौके पर अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी कार्यालय के सभी पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया।

डीआईजी नौशाद आलम ने यह भी कहा कि निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां पाई गईं, जिन्हें सुधारने के लिए वह पुलिस मुख्यालय को सुझाव भेजेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि विश्रामपुर एसडीपीओ का कार्यक्षेत्र बहुत बड़ा है, जिसमें 5-6 थाने शामिल हैं। साथ ही, उन्हें मुख्यालय की जिम्मेदारी भी निभानी पड़ती है।

डीआईजी ने कहा कि प्रशासनिक काम और फील्ड का काम अलग-अलग होते हैं। ऐसे में पलामू हेड क्वार्टर डीएसपी का अलग पद होना चाहिए। इसके लिए मैं पुलिस मुख्यालय को प्रस्ताव भेजूंगा।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि वे निष्ठा और पारदर्शिता के साथ जनता की सेवा करें।निरीक्षण के उपस्थित पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया।

## आरई कॉलोनी स्थित काली मंदिर में अमावस्या को हुई विशेष पूजा अर्चना



**पुजारी नील मणि गांगुली ने की माँ की पूजा अर्चना और भक्तों के बीच हुआ प्रसाद वितरण :** चक्रधरपुर रेलवे आरई कॉलोनी में अमावस्या के दिन हुई माँ की विशेष पूजा अर्चना भक्तजन और श्रद्धालु पहुंचे मंदिर। अमावस्या के दिन मंदिर के पुजारी नील मणि गांगुली ने मां की विशेष पूजा अर्चना पूजा अर्चना के उपरांत भक्तों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। तेज बारिश में भी मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। गौरतलब हो कि यूँ तो प्रतिदिन मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रहती है परन्तु अमावस्या के दिन भक्तों की विशेष भीड़ उमड़ती है।

## 20 बच्चों को दिया गया सहायक यंत्र

**बरकट्ठा :** झारखंड शिक्षा परियोजना समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत प्रखंड संसाधन केंद्र बरकट्ठा मे गुरुवार दोपहर को दिव्यांग बच्चों के लिए यंत्र वितरण सह जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे बर्ष 2024 का यंत्र वितरण किया गया एवं 2025 का जांच किया गया। कैम्प का आयोजन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार एवं बीपीएम धीरज शर्मा की देख रेख मे किया गया। साथ ही जिला प्रभारी लालीमा लकड़ा कार्यक्रम में मौजूद रही । कार्यक्रम को सफल बनाने में रिसोर्स शिक्षक सदन साव, फिजियोथैरेपिस्ट मुकेश कुमार, बीआरसी कर्मी विनय कुमार,आसीफ अली, रुपलाल रविदास,संजय कुमार का सहयोग रहा।

# चाकूबाजी कांड के दो आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल और चाकू बरामद



संवाददाता

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवगंज के पास स्थित एफसीआई गोदाम के समीप चाकूबाजी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।मृतक की पहचान शोभनपुर भट्ठा निवासी राजीव यादव उर्फ. गिलहरी यादव 19 वर्ष के रूप में हुई थी।मामले में हत्या के आरोप में थाना जिरवाबाड़ी कांड संख्या 165/25 दर्ज की गई।एसपी के निर्देश पर गठित विशेष छापामारी टीम ने घटना की गंभीरता को देखते हुए लगातार कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों आशीष यादव एवं नितिश यादव को गिरफ्तार कर लिया है।छापामारी के दौरान आरोपियों के पास से एक चाकू और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।पुलिस का कहना है कि आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है तथा अन्य सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।छापामारी दल में नगर प्रभारी अमित गुप्ता,जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह,एसआई अभिषेक कुमार समेत जिरवाबाड़ी थाना पुलिस टीम मे शामिल था।

## हिंदू जागरण मंच का संगोष्ठी आज

**रामगढ़ :** हिन्दू जागरण मंच संगठन के तहत पूरे देश में अखंड भारत स्मृति दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी को लेकर रामगढ़ जिले के बिजुलिया तालाब रोड स्थित ब्रह्मऋषि धर्मशाला में एक संगोष्ठी का आयोजन 23 अगस्त को अपराह्न 3:00 बजे किया जा रहा है जिसमें हिन्दू जागरण मंच के प्रांत एवं जिले के पदाधिकारी मंचस्थ रहेंगे। उक्त बातों की जानकारी विज्ञप्ति के माध्यम से मंच के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सत्यजीत चौधरी ने देते हुए बताया की देश के बंटवारे की विभीषिका को याद कर पूरा देश सिहर उठता है। उन्होंने कहा 15 अगस्त की स्वतन्त्रता एक छलावा और षड्यंत्र है स्वतन्त्रता के एक दिन पहले साक्षात देव भूमि हमारी मां भारती को सत्ता के भूखे भेड़ियों ने बांट डाला। हमारे से हमारी ही भूखंड छीन लिए गए भला हम उस घाव को कैसे भूल सकते हैं। हिन्दू जागरण मंच का संकल्प है हम अखंड भारत का सपना एक दिन हर हाल में साकार करेंगे।

## बच्चों को गुड टच और बैड टच की जानकारी दी गई

रामगढ़ : बच्चों की सुरक्षा और जागरूकता को ध्यान में रखते हुए इनरव्हील क्लब ने शुक्रवार को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया । इस कार्यक्रम में ओंकार मिशन अनाथ आश्रम के बच्चों को सरल भाषा और रोचक तरीकों से गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान क्लब की सदस्य श्वेता जैन और निधि चौधरी ने बताया कि बच्चों को यह समझाना आवश्यक है कि कौन सा स्पर्श सुरक्षित है और कौन सा असुरक्षित। बच्चों को बताया गया कि अगर कोई स्पर्श उन्हें असहज या असुरक्षित महसूस लगे तो उसे बेड टच कहा जाता है और ऐसे समय पर उन्हें तुरंत ना कहना चाहिए, जोर से आवाज उठानी चाहिए और भरोसेमंद व्यक्ति जैसे माता-पिता शिक्षक या अभिभावक को बताना चाहिए बच्चों को वीडियो कहानियां और संवादात्मक गतिविधियों के माध्यम से समझाया गया। जिससे वह आसानी से इस विषय को समझ पाए। मौके पर क्लब की अध्यक्ष नमिता श्रॉफ ने कहा कि बच्चों को छोटी उम्र से हीआत्मरक्षा और अच्छे बुरे स्पर्श की पहचान सीखना आवश्यक है ताकि वह किसी भी स्थिति में खुद को सुरक्षित रख सके जिससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। इस मौके पर ओंकार मिशन अनाथ आश्रम के बच्चों ने देश भक्ति भावना से भरपूर विषय जैसे स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ और कारगिल युद्ध पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।ओंकार मिशन अनाथ आश्रम के शिक्षिकाएं नीतू नेगी, कुमारी अनीता, गीता देवी ने पूर्ण सहयोग दिया। इस मौके पर क्लब की रेनू मेवाड़ जनेशा वडेरा,मेघा बगड़िया, नीरू साहनी,अनुराधा श्रॉफ,रंजू अग्रवाल, राजेंद्र बुढ़वाल, विजयालक्ष्मी आयंगर, जसमीत कौर, पिंकी पोद्दार नवलजीत कौर, गुरबक्श कौर, मधु अग्रवाल,हरमीत कौर, नीतू अग्रवाल,जसप्रीत कौर आदि मौजूद थे।

## मालगाड़ी के चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल

**साहिबगंज :** मालगाड़ी के चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।परिजनों को सूचना मिलने पर आनन -फानन में के लिए सदर अस्पताल लाया।ड्यूटी पर रहे चिकित्सक ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।जहां घायल युवक की पहचान जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के अंजुमन नगर निवासी मोहम्मद इजराइल के 40 वर्षीय पुत्र मोहम्मद नसीम के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक कलाली से अपने घर अंजुमन जा रहा था।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक, कहा

# अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई में तेजी लाएं

संवाददाता

**रामगढ़ :** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी के द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य को पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी।

बैठक के दौरान रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखंड के भुचुंगडीह क्षेत्र में स्थित अवैध मुहानों में लगी आग पर उपायुक्त के द्वारा पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के साथ गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। आग पर काबू पाने को लेकर बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल महाप्रबंधक एवं अंचल अधिकारी चितरपुर सहित अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किए गए कार्यों की जानकारी ली एवं और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी अंचलाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी को अवैध बालू परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने हेतु कई दिशा निर्देश दिए।

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।